



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

मध्यप्रदेश | राजस्थान | हरियाणा | छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र से प्रकाशित




डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17


5 अडाणी फैमिली ने अंबुजा सीमेंट में 8,339 करोड़ निवेश किया सम्पादकीय | ग्रामीण उपभोक्ता मांग और | वोडाफोन आइडिया का एफपीओ ओपन हुआ 5

वर्ष 11 अंक 53 E-mail: dholpur@hotmail.com जयपुर, शुक्रवार 19 अप्रैल 2024 ई-पेपर के लिए लॉगऑन करें -www.hindustanexpress.online मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8

# लोकसभा चुनाव 2024 : प्रथम चरण में 21 राज्यों की 102 सीटों पर मतदान आज

आर.एन.एस.

**नई दिल्ली।** 2024 लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में शुक्रवार यानी 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग होगी। 2019 में इन सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा ने 40, डीएमके ने 24, कांग्रेस ने 15 सीटें जीती थीं। अन्य को 23 सीटें मिली थीं। चुनाव आयोग के मुताबिक, इलेक्शन के पहले फेज में कुल 1,625 कैंडिडेट्स मैदान में हैं, जिनमें 1,491 पुरुष और 134 महिला उम्मीदवार हैं। इनमें महिलाएं केवल 8% हैं।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म ने 1,618 उम्मीदवारों के हलफनामे में दी गई जानकारी पर एक रिपोर्ट तैयार की। इनमें से 16% यानी 252 उम्मीदवार पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। वहीं, 450 यानी 28% उम्मीदवार करोड़पति हैं। इनके पास एक करोड़ या उससे ज्यादा की संपत्ति है। 10 ने अपनी संपत्ति शून्य बताई है, जबकि तीन के पास 300 से 500 रुपए की संपत्ति है।



एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, 10 प्रतिशत यानी 161 कैंडिडेट ऐसे हैं जिन पर हत्या, किडनैपिंग जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। 7 उम्मीदवारों पर हत्या और 19 पर हत्या की कोशिश के मामले हैं। 18 उम्मीदवारों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले दर्ज हैं। इनमें से एक पर रेप का मामला भी दर्ज है। वहीं, 35 कैंडिडेट्स पर हेट स्पीच से जुड़े मामले दर्ज हैं।

## राजस्थान की 12 सीटों पर होगा मतदान

पहले फेज में श्रीगंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझूनूं, सीकर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर, अलवर, भरतपुर, करौली-धौलपुर, दौसा और नागौर सीट पर वोटिंग होगी। इन 12 सीटों पर कुल 114 उम्मीदवार मैदान में हैं। मतदाता सुबह 7 से शाम 6 बजे तक वोट डाल सकेंगे। पहले फेज की 12 में से 10 सीटों पर कांग्रेस और बीजेपी में सीधा मुकाबला है। जबकि सीकर और नागौर में भाजपा की टक्कर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार से है। पहले फेज की 12 में से 8 सीटों पर एक ही जाति के उम्मीदवारों के बीच सीधा टक्कर है। इसके अलावा पहले फेज की 12 लोकसभा सीटों में सबसे ज्यादा 15 उम्मीदवार जयपुर ग्रामीण सीट से मैदान में हैं। सबसे कम 4 कैंडिडेट करौली-धौलपुर सीट पर हैं।

## चूरू में मतदान दल कर्मचारी की हार्ट अटैक से मौत

गुरुवार दोपहर चूरू के सादुलपुर में पोलिंग पार्टी के एक सदस्य की हार्ट अटैक से मौत हो गई। पोलिंग पार्टी के रवाना होते समय कर्मचारी तारांचद (52) पुत्र रूपाराम शर्मा चक्कर आने से गिर गए। उपखंड अधिकारी और तहसीलदार ने उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। तारानगर के वार्ड नंबर-8 निवासी ताराचंद वन विभाग में बुचवास में कार्यरत थे।

# मतदाताओं को वोटिंग पर्ची क्यों नहीं दे सकते - सुप्रीम कोर्ट

### चुनाव आयोग बोला- इसका गलत इस्तेमाल होगा

### ईवीएम-वीवीपैट वेरिफिकेशन मामले में कोर्ट में फैसला सुरक्षित

आर.एन.एस.

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के वोटों और वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल पर्चियों की 100 प्रतिशत क्रॉस-चेकिंग की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने एडीआर समेत अन्य वकीलों और चुनाव आयोग की 5 घंटे दलीलें सुनी। याचिकाकर्ताओं की तरफ से एडवोकेट प्रशांत भूषण, गोपाल शंकरनारायण और संजय हेगड़े पैरवी कर रहे हैं। प्रशांत भूषण एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की तरफ से पेश हुए। वहीं, चुनाव आयोग की ओर से एडवोकेट मनिंदर सिंह और केंद्र सरकार की ओर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता मौजूद थे। एडवोकेट प्रशांत भूषण ने कोर्ट के सामने एक रिपोर्ट पेश की। इसमें आरोप था कि केरल में मॉक पोलिंग के दौरान भाजपा को ज्यादा वोट जा रहे थे। इस पर कोर्ट ने चुनाव आयोग के वकील मनिंदर सिंह से पूछा कि ये कितना सही है। सिंह ने कहा कि ये खबरें झूठी और बेबुनियाद है।



कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछा कि क्या वोटिंग के बाद वोटर्स को वीवीपैट से निकली पर्ची नहीं दी जा सकती है। इस पर चुनाव आयोग ने कहा- वोटर्स को वीवीपैट स्लिप देने में बहुत बड़ा रिस्क है। इससे वोट की गोपनीयता से समझौता होगा और बूथ के बाहर इसका दुरुपयोग किया जा सकता है। इसका इस्तेमाल दूसरे लोग कैसे कर सकते हैं, हम नहीं कह सकते। कोर्ट ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए अपनाए गए कदमों के बारे में चुनाव आयोग के वकील से ईवीएम और वीवीपैट की पूरी प्रक्रिया समझी। साथ ही कहा कि चुनावी प्रक्रिया की पवित्रता कायम रहनी चाहिए। शक नहीं होना चाहिए कि ये होना चाहिए था और हुआ नहीं। इसके बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया।

2019 के लोकसभा चुनावों से पहले, 21 विपक्षी दलों के नेताओं ने भी सभी ईवीएम में से कम से कम 50 प्रतिशत वीवीपैट मशीनों की पर्चियों से वोटों के मिलान करने की मांग की थी। उस समय, चुनाव आयोग हर निर्वाचन क्षेत्र में सिर्फ एक ईवीएम का वीवीपैट मशीन से मिलान करता था। 8 अप्रैल, 2019 को मिलान के लिए ईवीएम की संख्या 1 से बढ़ाकर 5 कर दी थी।

# दुबई में बाढ़ : बारिश का 75 साल का रिकॉर्ड टूटा

### भारतीय दूतावास का हेल्पलाइन नंबर जारी

### पाक और अफगानिस्तान में 135 लोगों की मौत

आर.एन.एस.

**दुबई।** पाकिस्तान, अफगानिस्तान और कई खाड़ी देशों में पिछले 4 दिनों से हो रही बारिश के कारण हालात खराब हो गए हैं। यूएई में बारिश ने 75 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। दुबई में बाढ़ जैसे हालात देखते हुए वहां मौजूद भारत के वाणिज्य दूतावास ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है।वहीं पाकिस्तान और अफगानिस्तान में बारिश की वजह आई बाढ़ में अब तक 135 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से 70 लोग अफगानिस्तान में तो वहीं 65 ने पाकिस्तान में दम तोड़ दिया। ओमान में भी बाढ़ के चलते 20 लोगों की मौत हुई है। इससे पहले बुधवार को दुबई में खराब मौसम के कारण भारत आने वाली 28 उड़ाने को रद्द कर दिया गया था। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांत में इमरजेंसी लगानी पड़ी थी।

**दुबई एयरपोर्ट से आने-जाने वाली 300 फ्लाइट्स कैंसिल**



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में दुबई में करीब 15.2 सेमी बारिश हुई है। वहीं मंगलवार को यहां 10 इंच से ज्यादा बारिश हुई थी। बीबीसी न्यूज के मुताबिक, बुधवार को दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट से आने-जाने वाली 300 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गईं। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने लोगों को वहां न आने की सलाह दी है। दूसरी तरफ, ओमान में बारिश की वजह से 1400 लोगों को शेल्टर में भेजा गया है। स्कूल और सरकारी ऑफिस को बंद कर दिया गया है। पाकिस्तान डिजास्टर मैनेजमेंट अथोरिटी ने बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा के चित्राल, दार, स्वात, अबोटाबाद लोगों को घर से न निकलने की एडवाइजरी जारी की है। पाकिस्तान के मौसम विभाग ने 22 अप्रैल तक पूरे देश में भारी बारिश, ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने भारी बारिश का कारण क्लाइमेंट चेंज बताया है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में लोगों को राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। आवाजाही के लिए सड़कों को सुधारा जा रहा है। इसके अलावा पाकिस्तान के कई और प्रांतों के लिए बाढ़ की चेतावनी भी जारी की गई है।

### दुबई में साल भर की बारिश 2 दिनों में हुई

संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी, दुबई और अल ऐन जैसे शहरों में भी भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात हैं। इससे अब तक 1 शख्स की मौत हुई है। वहां साल भर की बारिश 2 दिन के भीतर हो गई। मंगलवार को सड़क, रेलवे और उड़ानों पर असर पड़ा। इन शहरों में ऑफिस और स्कूल बंद कर दिए गए हैं। लोगों को वर्क फॉम होम के लिए कहा गया है।

# जमानत के लिये केजरीवाल जानबूझकर आम, मिठाई खा रहे!

### ईडी ने लगाया आरोप

आर.एन.एस.

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार 18 अप्रैल को बड़ा आरोप लगाया। ईडी ने राउज एवेन्यू कोर्ट में कहा कि वह तिहाड़ जेल में जानबूझकर मीठा खा रहे हैं, ताकि इससे उनका शुगर लेवल बढ़ जाए और उन्हें मेडिकल के आधार पर जमानत मिल जाए। ईडी ने कहा कि केजरीवाल को टाइप-2 डायबिटीज है, लेकिन वह जेल में आलू पूड़ी, आम और मीठा खा रहे हैं। केजरीवाल शराब घोटाला मामले में तिहाड़ जेल में 18 दिन से बंद हैं। कोर्ट ने उन्हें घर का खाना खाने की अनुमति दी है।

दरअसल, केजरीवाल के वकील विवेक जैन ने ट्रायल कोर्ट में एक याचिका दाखिल कर केजरीवाल के डॉक्टर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मेडिकल कंसल्टेशन लेने की मांग की थी। उन्होंने तर्क दिया था कि केजरीवाल टाइप-2 डायबिटीज के मरीज हैं और उनका ब्लड शुगर लेवल ऊपर-नीचे होता रहता है।

इसके जवाब में ईडी ने राउज एवेन्यू कोर्ट को बताया कि केजरीवाल तिहाड़ जेल में जानबूझकर मीठा खा रहे हैं, ताकि इससे उनका शुगर लेवल बढ़ जाए और उन्हें मेडिकल के आधार पर जमानत मिल जाए। केजरीवाल के घर से ऐसा ही खाना आ रहा है, जिसमें शुगर और कॉर्ब्स की मात्रा ज्यादा रहती है।



# भाजपा देश में एक इतिहास और एक भाषा थोपना चाहती है - राहुल गांधी

आर.एन.एस.

**कन्नूर।** राहुल गांधी आज केरल के कन्नूर में रैली कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और यूडीएफ देश की विविधता को स्वीकार करते हैं। हम विभिन्न भाषाओं, अनगिनत परंपराओं, अलग-अलग इतिहासों और सबकी अलग-अलग अभिव्यक्तियों को स्वीकार करते हैं। भाजपा देश में एक इतिहास, एक राष्ट्र और एक भाषा को थोपना चाहती है। उदाहरण के लिए, अगर आप केरल से मलयालम को हटा दें, तो एक मां अपने बच्चे को इस महान भूमि का इतिहास कैसे समझाएगी? हम इसी की रक्षा कर रहे हैं।



कन्नूर की रैली में राहुल ने कहा कि- कोविड के समय लाखों लोग अस्पतालों में मर रहे थे। ऑक्सीजन नहीं थी, वेंटिलेटर नहीं थे। प्रधानमंत्री कह रहे थे कि थाली बजाओ। अब भी लोग मर रहे हैं। मैं मणिपुर गया और दोनों समुदायों (कुकी और मैतेई) से मिला। वे एक दूसरे से बात नहीं कर रहे। वहां सरकार कह रही है कि हमने नियंत्रण खो दिया है। हमें नहीं पता क्या करना है।प्रधानमंत्री देश के एक राज्य (त्रिपुरा) का एक दौरा तक नहीं करते। क्या वे वहां जाकर लोगों से बात नहीं कर सकते थे?

# आलिया भट्ट और साक्षी मलिक टाइम के टॉप 100 में



**नई दिल्ली।** टाइम मैगजीन ने बुधवार को 2024 के लिए दुनिया के 100 प्रभावशाली हस्तियों की लिस्ट जारी की है। इसमें एक्टर आलिया भट्ट, रेसलर साक्षी मलिक, वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा, माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला और एक्टर-डायरेक्टर देव पटेल का नाम शामिल है। लिस्ट में अमेरिका के एनर्जी लोन प्रोग्राम ऑफिस डायरेक्टर जिगर शाह, खगोल विज्ञान और येल विश्वविद्यालय में फिजिक्स की प्रोफेसर प्रियंवदा नटराजन भी शामिल हैं। इनके अलावा भारतीय मूल की रेस्तरां मालकिन अस्मा खान और दिवंगत रूसी विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की पत्नी यूलिया नवलनाया को भी जगह दी गई है।






# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने शिल्पा शेट्टी का फ्लैट कुर्क किया

### पति राज कुंद्रा का बंगला और शेयर भी शामिल

आर.एन.एस.

**मुम्बई।** प्रवर्तन निदेशालय ने शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा की 97.79 करोड़ की प्रॉपर्टी कुर्क की है। इसमें शिल्पा शेट्टी का जुहू वाला फ्लैट और राज कुंद्रा के नाम पर रजिस्टर्ड बंगला और इक्विटी शेयर शामिल हैं। मामला 2002 के बिटकॉइन पॉन्जी स्कीम घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा है। ईडी ने ङ्क पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी है। ईडी ने वेरिएबल टेक प्राइवेट लिमिटेड और आरोपी दिवंगत अमित भारद्वाज, अजय भारद्वाज, विवेक भारद्वाज, सिम्पी भारद्वाज, महेंद्र भारद्वाज और अन्य के खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस और दिल्ली पुलिस में दर्ज कई एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी।



जांच एजेंसी का आरोप है कि आरोपियों ने बिटकॉइन के रूप में हर महीने 10 प्रतिशत रिटर्न के झूठे वादे के साथ लोगों से बिटकॉइन (2017 में ही 6600 करोड़ रुपए कीमत) के रूप में बड़ी रकम इकट्ठा की थी। इन बिटकॉइन का इस्तेमाल बिटकॉइन माइनिंग में होना था, लेकिन प्रमोटरों ने निवेशकों को धोखा दिया और गलत तरीके से अर्जित बिटकॉइन को ऑनलाइन वॉलेट में छिपा दिया। डील फेल हो गई और इन्वेस्टर्स को उनका फायदा नहीं दिया गया। दावा किया गया कि कुंद्रा को यूक्रेन में बिटकॉइन माइनिंग फार्म स्थापित करने के लिए गेन बिटकॉइन पॉन्जी के मास्टरमाइंड और प्रमोटर अमित भारद्वाज से 285 बिटकॉइन प्राप्त हुए।

# मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 26 अप्रैल तक बढ़ाई

नई दिल्ली। दिल्ली की राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत को 26 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दिया है. आबकारी नीति में कथित घोटाले से जुड़ा मनी लांड्रिंग का मामले में ईडी ने दस्तावेज़ों की जांच से जुड़ी स्टेटस रिपोर्ट कोर्ट में जमा की है. आप सांसद संजय सिंह और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट की सुनवाई में शामिल हुए थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक - चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए आकाशदीप प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स, सेक्टर 11 अग्रवाल फार्म, जयपुर (राज.) राजस्थान से मुद्रित एवं जी-१, गंगासागर अपार्टमेंट, बी-192, गंगासागर कॉलोनी, आम्रपाली मेन रोड, वैशाली नगर जयपुर (राज.) से प्रकाशित आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2013/48948
प्रधान सम्पादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे मोबा. 9425126060 । स्थानीय संपादक गौतम गोस्वामी मोबा. 9772455444, प्रबंध संपादक बेनी प्रकाश खोरानिया मोबा. 9549977995 : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेवार। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर न्यायालय होगा।

# शैल्बी हॉस्पिटल, जयपुर में 2.5 साल के बच्चे को मिला एक बेहद दुर्लभ बीमारी से निदान

## डॉ. मनोज शर्मा द्वारा किया गया सफलतापूर्वक इलाज



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर ।** हाल ही में जयपुर निवासी 2.5 वर्षीय बच्चा राहुल (परिवर्तित नाम) एक विचित्र अवस्था में शैल्बी मल्टी-स्पेशिलिटी हॉस्पिटल, जयपुर आया। बच्चा खाना न खाने, लगातार उल्टी करने एवं एक टक घूरते रहने जैसी समस्या से पीड़ित था। बच्चे के माता-पिता ने शैल्बी के बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज शर्मा से विस्तृत परामर्श किया। अजीब यह था कि बच्चे की सारी जांचे नॉर्मल थी, पर उसका शुगर और सोडियम लेवल कम था, इसी के आधार पर बच्चे के मस्तिष्क और हार्मोन की जांचे की गई। जांच में पता चला कि उसके Pituitary Gland जो कि हमारे शरीर के सारे हार्मोन को कंट्रोल करती है उसके Functions में कमी पाई गई। सभी कम हार्मोन के रिपलेसमेंट थैरेपी के साथ बच्चे की इस बीमारी का कारण खोजने के लिए उसकी जैनेटिक टैस्टिंग भी की गई, जिसके परिणामस्वरूप यह पता चला कि बच्चे को TRMU gene उत्परिवर्तन नाम एक दुर्लभ बीमारी है। पूरी दुनिया में अब तक इस बीमारी के केवल 26 कैसेज ही मिले हैं और उनमें भी ये बच्चों के लीवर की बीमारी से सम्बन्धित होता है, मगर यह पहली बार है जब किसी बच्चे के ब्रेन में Pituitary Gland की Hypo-Function के साथ TRMU gene से संबंधित बीमारी है। आपको बता दें शैल्बी हॉस्पिटल, जयपुर के वरीष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज शर्मा द्वारा इस दुलर्भ बीमारी का निदान कर बच्चे को स्वास्थ्य लाभ मिला। शैल्बी जयपुर में एक विस्तृत एवं समर्पित मातृत्व क्रिटिकल केयर यूनिट है जहां शिशु और महिलाओं के लिए संबंधित सभी सुविधाएं जैसे - फीमेल आईसीयू, लेबर रूम, मातृत्व रिकवरी रूम, नवजात शिशु हेत NICU, और बाल रोग हेतु PICU इत्यादि अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध है।

# लिवर को रखें स्वस्थः लिवर ट्रांसप्लांट के बढ़ते मामलों को कम करने के लिए पहले से सचेत रहना अत्यंत आवश्यक है

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर ।** लिवर शरीर का सबसे महत्वपूर्ण अंग है। यह शरीर का सबसे बड़ा आंतरिक अंग है, जो हमारे शरीर में पांच सौ से भी अधिक कार्य करता है। स्वस्थ लिवर के बिना जीवन असंभव है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार लिवर की बीमारियाँ भारत में मृत्यु का दसवां सबसे आम कारण हैं।

जागरूकता के उद्देश्य से नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर में स्वस्थ लिवर के महत्व को समझाने के लिए विश्व लिवर दिवस मनाया गया। नारायणा हॉस्पिटल का प्रयास रहता है कि लोगों को इलाज के साथ-साथ बचाव को लेकर भी जागरूक किया जाए। वहीं लिवर के महत्व की यदि बात की जाए तो यह हमारे शरीर में रक्त से विषाक्त पदार्थों को फ़िल्टर करने और पाचन में सहायता करने के लिए महत्वपूर्ण है। परंतु आजकल स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही, अनुचित खानपान व अन्य कारणों के चलते हेपेटाइटिस, सिरोसिस और लिवर कैंसर जैसी बीमारियाँ बढ़ रही हैं, जो दुनिया भर में लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रही हैं।




## शीघ्र जांच ही आपके लिवर को स्वस्थ रखने की कुंजी है

नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर के सीनियर कंसल्टेंट गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, डॉ. अमित सांघी ने कहा कि लिवर की बीमारियों को साइलेंट किलर के रूप में भी जाना जाता है। प्रारंभिक अवस्था में कोई मुख्य लक्षण नहीं देखा जाता है। लिवर की समस्याओं के कुछ सबसे आम लक्षण हैं, जैसे -थकान, भूख न लगना, बेचैनी होना, पेट में दर्द या सूजन, पीले रंग का मूत्र और पीला मल आना, त्वचा और आँखों का पीला पड़ना (पीलिया) आदि प्रकार के लक्षणों पर ध्यान देना जरूरी है। लिवर की बीमारियों के आम कारणों में हेपेटाइटिस ए, बी, ई एवं सी है और आज के समय में अत्याधिक शराब सेवन तथा नॉन-एल्कोहॉलिक फैटी लिवर डिजीज प्रमुख कारण बनते जा रहे है।

## बढ़ते मामलों के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य पहल आवश्यक

डॉ. राहुल राय, सीनियर कंसल्टेंट- हेपेटोलॉजी, नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर ने लिवर की बीमारी की बढ़ती चिंताओं को दूर करने के लिए विश्व लिवर दिवस सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य पहल करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इन पहलों का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य परिचर्चा या सेमिनारों के माध्यम से शिक्षित करना, लिवर के स्वास्थ्य के लिए किफायती पैकेजों को बढ़ावा देकर शीघ्र पता लगाने पर जोर देना, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और शराब आदि के सेवन से दूरी बनाने जैसी स्वस्थ आदतों को अपनाने के बारे में लोगों को प्रेरित करना है। इसके माध्यम से लोगों को लिवर के स्वास्थ्य पर ध्यान देने हेतु जागरूकता उत्पन्न करवाना ज़रूरी है ।

## टीकाकरण से लिवर के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है -

नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर के सीनियर कंसल्टेंट - पेट एवं लिवर ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ डॉ. सुभाष मिश्रा ने कहा कि, आपके लिवर की सुरक्षा के लिए कुछ आदतों पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है। जैसे- स्वस्थ वजन बनाए रखें, संतुलित आहार अपनाएं, शराब का सेवन ना करें, टीका लगवाएं, टीकाकरण के माध्यम से हेपेटाइटिस ए और बी से खुद को बचाएं और अपने चिकित्सक से परामर्श के बिना अनावश्यक दवाएं लेने से बचें। हमारा प्रयास रहता है कि लोगों को समय रहते उचित परामर्श मिल सके, जिससे एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके।

# जयपुर के जयश्री पेरीवाल हाई स्कूल के छात्रों ने यूपीएससी में लहराया परचम

जयपुर के आशीष कुमार सिंघल ने हासिल की 8वीं रैंक

विनायक कुमार ने पहले ही प्रयास में पास की यूपीएससी परीक्षा





हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** जयपुर के छात्रों ने हाल ही में यूपीएससी की सिविल सर्विसेज परीक्षा -2023 में अपना परचम लहराया है। जयपुर के आशीष कुमार सिंघल ने 8वीं रैंक हासिल कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। वहीं विनायक कुमार ने 180 रैंक हासिल कर पहले ही प्रयास में यूपीएससी की परीक्षा पास कर ली। गौरतलब है कि आशीष और विनायक दोनों ही जयश्री पेरीवाल हाई स्कूल के पूर्व छात्र हैं। आशीष क्लास 2011 और विनायक क्लास 2018 के छात्र रहे हैं। दोनों छात्रों ने अपनी सफलता में योगदान के लिए अपने माता-पिता, स्कूल और शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। छात्रों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जयश्री पेरीवाल ग्रुप ऑफ स्कूल की चेयरपर्सन, डॉ जयश्री पेरीवाल ने कहा कि आज हम सभी बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। यह दोनों छात्रों की कड़ी मेहनत और समर्पण का नतीजा है, कि आज उन्होंने यह सफलता हासिल की है। मैं उन्हें इस सफलता पर बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देती हूं।

# रामायण से सीखे मैनेजमेंट विषय पर सर्टिफिकेशन कोर्स की अवार्ड सैरेमनी व सर्टिफिकेट डिस्ट्रीब्यूशन का हुआ आयोजन



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर ।** चंपापुरा स्थित बियानी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज में रामायण से सीखे मैनेजमेंट विषय पर सर्टिफिकेशन कोर्स की अर्वाड सैरेमनी व सर्टिफिकेट डिस्ट्रीब्यूशन का आयोजन किया गया। इस किताब को डायरेक्टर डॉ.संजय बियानी के द्वारा रामायण के अध्यायों के रूप में संक्षिप्त तौर पर तैयार किया गया, और इसी से जुड़े धार्मिक प्रश्न पूछे गए। परीक्षा में 200 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में प्रथम विजेता आकांशा सिंह राठौड़, द्वितीय विजेता नितिन सिंह तंवर , तृतीय विजेता विजय सिंह शेखावत रहे। कार्यक्रम में कॉलेज के डायरेक्टर डॉ.संजय बियानी ने सभी को भगवान राम के कर्तव्य और नैतिक सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता और निर्णय लेने महत्वपूर्ण कौशल के बारे में बताते हुए उनसे एग्जाम का फीडबैक लिया। इस दौरान स्टूडेंट वेलफेयर डीन डॉ.सुमेद्या बाजपेई ने भी इस पुस्तिका के समस्त अध्यायों के विषय में विद्यार्थियों का सेशन लिया तथा आज की प्रासंगिकता में अपने जीवन में राम के चरित्र को उतारने के लिए प्रेरित भी किया। मौके पर प्रिंसिपल डॉ. रामवीर सिंह ने भी विद्यार्थियों को अधिकतम भागिदारी के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में पप्पू चौधरी, बंशीराम चौधरी, अशोक शर्मा ,लाला राम जाट अन्य प्रोफेसर उपस्थित रहे।

# ब्रह्म शक्ति संघ नव मतदाता सम्मान समारोह का करेगा आयोजन

## ब्रह्म शक्ति संघ ने अधिक से अधिक मतदान करने की अपील, ब्रह्म शक्ति संघ में देशभर में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान




हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** स्वच्छ लोकतंत्र के लिए मतदान में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित हो। इसके लिए चुनाव आयोग के साथ-साथ ब्रह्म शक्ति संघ भी लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहा है। ब्रह्म शक्ति संघ ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रथम चरण के मतदान में अधिक से अधिक वोट करने के लिए लोगो से अपील की। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल द्विवेदी ने बताया कि मतदान के लिए प्रत्येक जिले में कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी है। वह घर-घर जाकर मतदान के लिए जागरूक कर रहे हैं। बुजुर्ग या बीमार व्यक्ति के लिए मतदान केंद्र तक लाने ले जाने के लिए संघ की ओर से वाहन की व्यवस्था की गई है। अधिक से अधिक मतदान करने और लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। मतदाता जागरूकता अभियान के संयोजक कुलदीप शर्मा के नेतृत्व में अभियान का आगाज जयपुर से किया गया था। इसके बाद देशभर के सभी जिलों में मजबूती से टीमें बनाई गई। राजस्थान के खासकर अलवर, झालावाड़, कोटा, बूंदी, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, जोधपुर, बीकानेर, जैसलमेर, टोंक, सवाई माधोपुर, दौसा, नागौर, सीकर, झुंझुनू आदि जिलों में मजबूती से कार्यकर्ताओं ने काम किया। ब्रह्म शक्ति संघ के संयोजक सुनील मुदगल ने बताया कि फर्स्ट टाइम वोटर्स के लिए संघ ने विशेष व्यवस्था की गई है। मतदान केंद्र पर सेल्फी प्वाइंट बनाए गए हैं। वॉटर्स अपनी सेल्फी को संघ की वेबसाइट पर अपलोड कर सकते हैं। सभी चरण के चुनाव समाप्त होने पर संघ नव मतदाता सम्मान समारोह का आयोजन करेगा। इसमें फर्स्ट टाइम वोटर्स और बेस्ट सेल्फी के लिए मतदाताओं को सम्मानित किया जाएगा।

# वाणिज्य महाविद्यालय के पूर्व छात्रों का संकल्प सम्मेलन आज

## वर्ष 1980 से 2024 तक के छात्र होंगे शामिल

**कोटा।** चम्बल गार्डन रोड़ स्थित छप्पन भोग परिसर में कॉमर्स कॉलेज के वर्ष 1980 से वर्ष 2024 के छात्र संघ के पदाधिकारी एवं छात्रो का मिलन समारोह 19 अप्रैल को आयोजित होगा। कार्यक्रम संयोजक सुरेश अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम मुख्य वक्ता दिल्ली भाजपा उपाध्यक्षकपिल मिश्रा होंगे। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कोटा संभाग प्रभारी मुकेश दाधीच भी पूर्व छात्रों को सम्बोधित करेंगे। अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम सांय 6 बजे प्रांरभ किया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष व उनकी कार्यकारणी सहित वाणिज्य महाविद्यालय के 1500 से अधिक विभिन्न छात्र भी शामिल होंगे।

# कलेक्टर-एसपी ने रात्री को गोनेड़ा, रायपुर, भगवाड़ी-कला नाका चेक पोस्ट का किया निरीक्षण



## व्यवस्था में तैनात स्टेटिक सर्विलांस टीम को सतर्क होकर जांच करने के दिये निर्देश

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली ।** लोकसभा चुनाव को लेकर कोटपूतली-बहरोड़ जिले में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था हेतु बॉर्डर चेक पोस्ट सहित सीमावर्ती क्षेत्रों में नाकाबंदी की व्यवस्था जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा की गई। बुधवार देर रात्रि जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल एवं एसपी वंदिता राणा ने गोनेड़ा, रायपुर, भगवाड़ी-कला नाका चेक पोस्ट सहित नाकाबंदी की व्यवस्था का निरीक्षण किया। मौके पर पहुंचकर वाहनों की आवाजाही के रिकॉर्ड संधारण की जांच की। उन्होंने व्यवस्था में तैनात स्टेटिक सर्विलांस टीम को सतर्क होकर जांच करने के निर्देश दिये। कलेक्टर व एसपी ने निरीक्षण के दौरान एसएसटी टीम के दल प्रभारी तथा पुलिस की टीम से चर्चा की। लगातार टीम के द्वारा जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी अच्छे से कार्य कर रहे हैं, अपनी पैनी नजर आने जाने वाले वाहनों पर बनाये रखें। एसपी वंदिता राणा ने टीम को निर्देशित करते हुए कहा कि सुरक्षा जांच में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं की जायें। साथ ही आम नागरिकों से शालीनतापूर्वक व्यवहार करते हुए जांच करें। चेकिंग की कार्यवाही आदर्श आचार संहिता के तारतम्य में एनडीपीएस, शराब, धन, कीमती सामान जो जिले के अंदर लाकर निर्वाचन को प्रभावित कर सकते हैं, उनकी निगरानी की जा रही है। जिले के एंट्री और एक्जिट पॉइंट्स की निगरानी की जा रही है। इस दौरान संबंधित ड्यूटी पोस्टों पर पुलिस कार्मिक तथा पैरामिलिट्री के जवान उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने समाज को बांट कर राज किया, भाजपा दिल जोड़ती हैः बिरला



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटा/केशवरायपाटन।** कोटा-बूंदी लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी ओम बिरला गुरूवार को केशवरायपाटन क्षेत्र में जनसम्पर्क करने पहुंचे। इस दौरान सभाओं को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने समाज को बांट कर राज किया, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने पिछले 10 वर्षों से लोगों के दिलों को जोड़ने का काम किया है। बिरला ने काशपुरिया, भैरूपुरा, गंभीरा, मानपुरा, समिधि, बटावदी, कैथूदा, माणी, करवर, झीड़ा, जय नगर, बाबई, मोहनपुरा, छत्रपुरा और इंद्रगढ़ गांवों में लोगों से वोट देने की अपील की। इस दौरान ग्रामीणों ने साफे और माला से बिरला का स्वागत किया। विभिन्न गांवों में सभा को संबोधित करते हुए बिरला ने कहा कि कांग्रेस हमेशा कहती थी कि राम मंदिर बना तो देश में आग लग जाएगी, धारा 370 हटी तो कश्मीर घाटी में तबाही आ जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने राम मंदिर भी बनाया और धारा 370 भी हटाई, लेकिन देश में कुछ नहीं हुआ उल्टा सभी वर्गों ने इसका स्वागत किया।

इससे साफ है कि कांग्रेस भय और भ्रम की राजनीति में विश्वास रखती है। वे अपने वोटों का सहेजने के लिए तुष्टिकरण करती है जबकि अन्य वर्गों के वोटों में विभाजन उत्पन्न करने का काम करती है। देश की जनता उनके इस दोहरे चरित्र को समझ चुकी है। जनता अब खुद कह रही है कि देश में इस समय सबसे बड़े नेता नरेंद्र मोदी हैं।

पूर्व मंत्री बाबूलाल वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की गारंटी दी है। पीएम मोदी ने जनता के वोट की ताकत से भारत को पांचवी आर्थिक महाशक्ति बनाया है। अब 2030 तक भारत को तीसरी महाशक्ति बनाने की गारंटी दी है। पूर्व विधायक चंद्रकांता मेघवाल ने कहा कि आज समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार खुद पहुंच रही है। उसे अपनी योजनाओं से जोड़ रही है। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में विकास की गति और भी तेज होगी।

# भाजपा राष्ट्रीय मंत्री अल्का सिंह गुर्जर का किया स्वागत



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली ।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश महामंत्री एड. हीरालाल रावत के पारिवारिक विवाह समारोह में शिरकत करने पहुंची भाजपा राष्ट्रीय मंत्री अल्का सिंह गुर्जर का कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि एड. रावत के भतीजे पवन व प्रधुम्न के विवाह समारोह में बड़ी संख्या में वीआईपी अतिथियों ने शिरकत की। इस दौरान जयपुर ग्रामीण से भाजपा प्रत्याशी राव राजेन्द्र सिंह की धर्मपत्नी रानी भुवनेष्वरी कुमारी, राजकुमार देवायुष सिंह शाहपुरा, रानी रत्ना कुमारी शाहपुरा व विधायक हंसराज पटेल आदि ने शिरकत करते हुये अपनी शुभकामनायें दी।

**मतदान दिवस पर रहेगा सार्वजनिक अवकाश**

# निजी एवं सार्वजनिक प्रतिष्ठानों के श्रमिकों को भी मिलेगा सवैतनिक अवकाश

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली ।** लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश रहेगा। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 22 मार्च 2024 को जारी आदेश की अनुपालना में जयपुर ग्रामीण व अलवर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित कोटपूतली-बहरोड़ जिले में 19 अप्रैल को मतदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश रहेगा। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार ऐसे कार्मिक जो राजस्थान राज्य के किसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य तौर पर निवासी है और मतदाता के रूप में पंजीकृत है। राजस्थान राज्य के ही अन्य लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कार्यरत है तथा ऐसे कार्मिक जो अन्य राज्य के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य तौर पर निवासी है और मतदाता के रूप में पंजीकृत है। ऐसे कार्मिक को मतदान हेतु आवेदन करने पर मतदान तिथि को सवैतनिक अवकाश स्वीकृत करने हेतु विभिन्न विभागों, उपक्रमों, बोर्ड एवं निगमों आदि के विभागाध्यक्ष भी प्राधिकृत होंगे। उन्होंने कहा कि वित्त (मार्गोपाय) विभाग की 19 मार्च 2024 को जारी अधिसूचना की अपुनालना में मतदान दिवस पर संबंधित विधानसभा क्षेत्र स्थित कार्यालयों में पराक्रम्य लिखित अधिनियम 1881 के तहत अवकाश रहेगा। वहीं श्रम विभाग द्वारा 19 मार्च 2024 को जारी आदेश के तहत जिले के समस्त विधानसभा क्षेत्र स्थित निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार, व्यवसाय में कार्यरत कामगारों को मतदान दिवस का सवैतनिक अवकाश देय होगा। साथ ही ऐसे कामगार जो जिले की लोकसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में पंजीकृत है, परन्तु निर्वाचन क्षेत्र के बाहर कार्यरत है उन्हें अपने मतदान क्षेत्र में मतदान हेतु मतदान दिवस का सवैतनिक अवकाश देय होगा। वहीं व्यापारियों द्वारा भी मतदान दिवस के दिन बाजार बंद रखने का निर्णय लिया गया है।

# कोटपूतली में ब्लॉक स्तरीय और सैक्टर अधिकारियों की बैठक

## पोलिंग बूथ और एएमएफ पर की चर्चा, व्यवस्थाएं पूरी रखने के दिए निर्देश

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**कोटपूतली ।** लोकसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार 19 अप्रैल को मतदान होने है। जिसके संबंध में कोटपूतली में ब्लॉक स्तरीय एवं सैक्टर अधिकारियों की बैठक उप निर्वाचन अधिकारी एसडीएम बृजेश चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें पोलिंग बूथ और एएमएफ के संबंध में चर्चा की गई। एसडीएम चौधरी ने सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान डॉ. चन्द्रशेखर शर्मा, देशराज यादव, रघुवीर सिंह, शीशराम यादव, अशोक छाछिया, रविन्द्र कुमार, एचआर धनीतिया, सरदारमल यादव, गिरिराज सिंह, विजय सिंह, अशोक सिंह, निर्मल कुमार यादव, मालीराम मीणा, खेमचंद यादव, सचिन कुमार, सुरेश कुमार, जयवीर सिंह, प्रभात शर्मा, डॉ. खेमचंद गुर्जर, डॉ. भरत लाल मीणा, डॉ. सत्यवीर सिंह, विशम्भर, कपूर चंद वर्मा, मनोज कुमार सैनी, ओमप्रकाश, दिनेश शर्मा, जितेन्द्र यादव, दयाराम चौरड़िया आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।

# ओपीडी का समय 8 बजे, 9.30 बजे तक चिकित्सक नदारद, कस्बा स्थित राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल का नजारा

## डॉक्टर को दिखाने के लिये जमा होती रही मरीजों की भीड़



**कोटपूतली ।** एक ओर जहाँ केन्द्र व राज्य सरकारें आमजन के कल्याण के लिये विभिन्न योजनायें बनाती है। साथ ही शिक्षा व चिकित्सा जैसी मुलभूत सुविधायें लोगों तक सुचारू रूप से पहुँचाने के लिये प्रतिवर्ष हजारों करोड़ रूपयों का बजट खर्च करती है, लेकिन इसके बावजुद भी सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों की अर्कमण्यता सरकारों के ध्येय को पुरा नहीं होने देती। ऐसा ही कुछ नजारा गुरूवार को कस्बा स्थित राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय में देखने को मिला। गुरूवार को राजकीय अस्पताल में प्रतिदिन की भांति ओपीडी में चिकित्सक को दिखाने के लिये भारी संख्या में मरीजों की भीड़ प्रातः 08 बजे ही एकत्रित हो गई। लेकिन प्रातः 09.30 बजे तक चिकित्सक अपने कमरों से नदारद रहे। इस दौरान अस्पताल में मरीजों की लाईने एकत्रित होने लगी। डॉक्टर को दिखाने के लिये पर्ची कटवाने के लिये मरीज इधर उधर भटकते रहे। अस्पताल के मेडीसिन विभाग में भी चिकित्सक नदारद रहे। जिसके चलते मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। अब देखना यह है कि आने वाले दिनों में यह व्यवस्थायें दुरूस्त हो पाती है या परिस्थिति इस तरह बिगड़ी रहती है।

# पावटा में 4 छप्परों में लगी आग, नगदी और अनाज सहित घरेलू सामान जला

## हवा के कारण तेजी से फैली आग



**कोटपूतली ।** कोटपूतली के पावटा के भाकरी रोड पर नदी के खेत में बने कच्चे चार छप्परों में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग मे सारा घरेलू सामन सहित नगदी जलकर राख हो गई। वहीं छप्परो मे बंधे 7 मवेशी झूलस गए। आग देखकर आसपास के लोगो ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग हवा के कारण तेज गति से फैल गई। जिसके बाद पावटा नगरपालिका से दमकल बुलवाई गई, लेकिन ज़ब तक दमकल मौके पर पहुंची, तब तक सारा घरेलू सामान सहित जेवरात और नगदी जलकर राख हो गई। घटना के बाद पुलिस और प्रशासन ने मौका मुआयना किया।




» धौलपुर ... मतदान दल को सम्बोधित करते जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी

# उठाकर लोकतंत्र का दायित्व मतदान दल हुए कर्म स्थलों के लिए रवाना

## निर्वाचन आयोग के नुमाइंदे बनकर कुशलता पूर्वक करायें मतदान -श्रीनिधि बीटी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

धौलपुर। लोकतंत्र के महायज्ञ में प्रत्येक कार्मिक पूर्ण निष्ठा और पारदर्शिता के साथ कर्तव्य की आहुति दें। जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी मतदान दलों की रवानगी से पूर्व हुए तृतीय एवं अंतिम प्रशिक्षण में मतदान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मतदान दल के सभी कार्मिक आत्मविश्वास और कुशलता के साथ कार्य करते हुए स्वतंत्र एव निष्पक्ष मतदान करोन के लिए टीम भावना से निर्वाचन आयोग के नुमाइंदे बनकर कार्य करें। लोकसभा आम चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज से तृतीय प्रशिक्षण देकर पोलिंग पार्टियां रवाना की गई। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि मतदान केंद्र पर पहुंचते ही सभी मतदान दल अधिकारी अपनी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कर लें तथा 100 मीटर , 200 मीटर की परिधि सीमा का निर्धारण, निर्धारित समय पर मोक पोल, मतदान की समय सीमा में मतदान कराना, मतदाता को सूचित करने के लिए लगाई जाने वाली प्रचार प्रसार सामग्री सुनिश्चित करने के साथ ही सेक्टर मजिस्ट्रेट, मतदान दल के बीच समन्वय हेतु महत्वपूर्ण सम्पर्क नंबर की सुनिश्चितता करते हुए पूर्ण आपसी समन्वय के साथ चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न करवाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या आने पर सम्बंधित सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं आवश्यकता पड़ने पर सहायक रिटर्निंग अधिकारी को अवगत करवाएं। उन्होंने यह भी कहा कि जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न स्तरों पर पूर्ण



» धौलपुर ... मतदान दल के लिये रवाना होता मतदान दल

प्रबंधन किये गए हैं तथापि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल उच्चाधिकारियों से सम्पर्क करें। इस अवसर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भयमुक्त एवं निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराने हेतु प्रशासन एवं पुलिस-प्रशासन पूर्ण रूप से मुस्तैद है। इस हेतु सभी मतदान दलों को पूर्ण प्रशिक्षण दिया गया है जिसे अब धरातल पर मुस्तैदी के साथ क्रियान्वित करना है, जिसकी जिम्मेदारी आप सभी की है और प्रशासन आपके साथ है। इस मौके पर जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा ने कहा कि सुरक्षा दृष्टिकोण से जिलेभर में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये गए हैं।

### जिलेभर में 932 पोलिंग पार्टियां कराएंगी मतदान

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिलेभर में 932 पोलिंग पार्टियां मतदान कराएंगी। बसेड़ी, राजाखेड़ा के लिए सुबह 8.30 बजे से एवं बाड़ी व धौलपुर विधानसभा के लिए सुबह 10.30 बजे से पोलिंग पार्टियां तृतीय प्रशिक्षण देकर रवाना की गई। पोलिंग पार्टियों को किसी भी तरह की परेशानी न हो इसके लिए अलग-अलग काउंटर बनाए गए। पोलिंग पार्टियों को विधानसभा वार पोलिंग बूथ तक पहुंचाने के लिए अलग-अलग वाहनों की समुचित व्यवस्था उपलब्ध करवाई गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी ने बताया कि महिला एवं दिव्यांग मतदान कार्मिकों की सुविधा हेतु विशेष प्रबन्ध किये गये हैं। महिला मतदान कार्मिकों के लिए विशेष वाहन सहित चुनाव सामग्री के सग्रंहण हेतु महिला एवं दिव्यांग कार्मिकों के लिए विशेष काउंटर आदि का इंतजाम किया गया है। मतदान दलों के रवानगी स्थल पर महिला मतदान कार्मिकों में भारी उत्साह दिखाई दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने महिला मतदान कर्मियों का उत्साह बढ़ाया और शुभकामनाएं प्रेषित कर रवाना किया।

### ईपिक के अलावा इन 12 दस्तावेजों से कर सकेंगे मतदान

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि ईपिक के अलावा 12 फोटोयुक्त वैकल्पिक दस्तावेज मतदान के लिए अनुमत किये गये हैं, इनकी पालना सुनिश्चित की जाये। इन दस्तावेजों में आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड, बैंक अथवा डाकघर की फोटोयुक्त पासबुक, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग द्वारा जारी दिव्यांग पहचान पत्र (यू.डी.आई.डी.), मनरेगा जॉब कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, भारतीय पासपोर्ट, सरकार अथवा सार्वजनिक उपक्रम द्वारा जारी पहचान पत्र, महापंजीयक जनगणना द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, सांसद एवं विधायक को जारी आई.डी. शामिल हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव के दृष्टिगत मतदान दिवस 19 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। विभिन्न निगमों, उद्यमों, औद्योगिक संगठनों को भी श्रमिकों को मताधिकार के प्रयोग हेतु सवैतनिक अवकाश देने के निर्देश जारी किये गये हैं।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले से जिले सहित संपूर्ण राज्य में सूखा दिवस घोषित किया गया है। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी की ओर से जारी आदेश के अनुसार जिले में 19 अप्रैल को मतदान समाप्ति तक सूखा दिवस रहेगा।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी ब्रह्मलाल जाट, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सुदर्शन सिंह तौमर, सभी विधानसभा क्षेत्रों के सहायक रिटर्निंग अधिकारी मतदान दलों के तृतीय प्रशिक्षण एवं पार्टियों के रवानगी के अवसर पर उपलब्ध रहे। महिला मतदान कार्मिक दलों में मतदान कराने को लेकर भारी उत्साह दिखाई दिया।

जिलेभर में 7 विशिष्ट मतदान केंद्र जिनमें बसेड़ी में पंचायत समिति मीटिंग हॉल बसेड़ी, विश्राम ग्रह तहसील सरमथुरा, बाड़ी राजकीय महाविद्यालय महादेव सैंपऊ एवं महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बांया भाग खानपुर मीणा, राजाखेडा में जैन धर्मशाला बायां भाग राजाखेडा एवं धौलपुर में सिटी जुबली हॉल बांया भाग एवं दायां भाग को बनाया गया है। और 4 दिव्यांग कार्मिक द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्र, महिला कार्मिक द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्र 32 एवं युवा मतदान केंद्र 32 सहित कुल 932 मतदान केंद्रों पर वोट डाले जाएंगे। जिलेभर में 8 लाख 84 हजार 360 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे।

बाड़ी में 40, बसेड़ी 26, धौलपुर 74 एवं राजाखेड़ा में 21 शहरी मतदान केंद्र सहित जिले में कुल 161 शहरी मतदान केन्द्र बनाए गए हैं।

बाड़ी में 214 ,बसेड़ी 192 ,धौलपुर 157 एवं राजाखेड़ा में 208 सहित कुल 771 ग्रामीण मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

### मतदान दिवस को जिला एवं सेशन न्यायालय का अवकाश घोषित

**धौलपुर।** जिला एवं सेशन न्यायाधीश सतीश चंद ने लोकसभा आम चुनाव 2024 के मतदान दिवस 19 अप्रैल को जिला एवं सेशन न्यायालय का अवकाश घोषित किया गया है।

### मतदान के दिन महात्मा गांधी नरेगा श्रमिकों के लिए सवैतनिक अवकाश रहेगा

**धौलपुर।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सुदर्शन सिंह तौमर ने बताया कि धौलपुर जिले में पूर्व में लगभग 2 लाख महात्मा गांधी नरेगा श्रमिक पंजीकृत हैं। मतदान दिवस को समस्त महात्मा गांधी नरेगा श्रमिकों के लिए सवैतनिक अवकाश की घोषणा की।

उठावनी



अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्यनीय
श्री संतोषीलाल गर्ग
(पुत्र स्व. श्री बृजकिशोर गर्ग 'मोरोली वाले')
का स्वर्गवास दिनांक 17.04.2024, बुधवार को हो गया है।
उठावनी दिनांक 19.04.2024, शुक्रवार को सायं 3 से 4 बजे तक भार्गव वाटिका, पैलेस रोड, धौलपुर पर होगी।
शोकाकुल : मीरा देवी (पत्नी), रोहित, सौरभ (पुत्र), रामनिवास गर्ग, राममोहन (भाई), मनीष, जय 'बिट्टू' (भतीजे), दीपा मित्तल-सुनील मित्तल (पुत्री-दामाद), अर्नव, आदित्य, ओम, निर्भय, देवांश, शिवम, कार्तिक, अर्थव (पौत्र)
एवं समस्त गर्ग परिवार, धौलपुर
: फर्म :
● ब्रजकिशोर संतोषी लाल ● दीपा रेडीमेड स्टोर
मो. 8769968862, 9828819321, 8094867481

## बाड़ी विधानसभा में 249 बूथों पर होगा मतदान



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के प्रथम चरण का मतदान 19 अप्रैल शुक्रवार यानि आज होने जा रहा है ऐसे में मतदान को लेकर बाड़ी विधानसभा क्षेत्र में 249 बूथ बनाये गए है। प्रथम चरण के मतदान को लेकर शुक्रवार को वोट प्रतिशत का प्रति घंटे पता लगाने और मतदान में बढ़ोतरी को लेकर गुरुवार को बाड़ी विधानसभा के स्वीप बार रूम की बैठक नगर पालिका के सभागार में स्वीप नोडल अधिकारी दाऊदयाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें स्वीप बार रूम के टीम प्रभारी एवं सदस्यों ने भाग लिया। स्वीप प्रभारी सुरेश भारद्वाज ने बताया कि मतदान दिवस को मतदान प्रातः 7 बजे से प्रारंभ होगा। मतदान प्रारंभ होने के बाद प्रत्येक घंटे पर प्रत्येक बूथ की वोटिंग परसेंटेज स्वीप बार रूम द्वारा एकत्रित की जाएगी तथा वोटिंग परसेंटेज का एनालिसिस कर जिस बूथ पर वोटिंग परसेंटेज कम होगी, वहां पर संबंधित टीम प्रभारी एवं सदस्यों द्वारा उस बूथ के लिए नियुक्त बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्य, हेला टोली के सदस्य एवं सेक्टर ऑफिसर से संपर्क कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर प्रयास किया जायेगा। इसके लिए स्वीप बार रूम के टीम प्रभारी एवं सदस्यों को आवश्यक दिशा निर्देश एवं बूथ लेवल की फंग्शनरीज के नाम,पते,मोबाइल नंबर की सूचियां स्वीप नोडल अधिकारी दाऊदयाल शर्मा ने सौंप कर मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिए गए दिशा निर्देशानुसार कार्य करने के लिए सभी को पाबंद किया है। स्वीप बार रूम की बैठक में टीम प्रभारी सुरेश भारद्वाज आरपी,दिनेश चंद शर्मा आयुर्वेद चिकित्सक, राजेश कुमार शर्मा सहायक विकास अधिकारी, रेखा शर्मा महिला सुपरवाइजर, देशराज गुर्जर, राजेश राजेश शर्मा वरिष्ठ अध्यापक,सरिता देवी आशा सहयोगिनी सुपरवाइजर, मुकेश शर्मा, मेघा मित्तल, हरेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, हेमेंद्र सिंह, विशाल अग्रवाल,अनुज कुमार गुर्जर विजय कुमार, देवेंद्र कुमार शर्मा, प्रदीप कुमार एवं अतर सिंह सहित मौजूद रहे।



» बाड़ी ... सड़क दुर्घटना में घायल छात्रा

# बीए प्रथम वर्ष की परीक्षा देकर लौट रही दो छात्राओं को मारी बाइक ने टक्कर

### छात्राओं में से एक की हालत गंभीर, जिला अस्पताल रेफर

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** शहर के धौलपुर रोड स्थित गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष की परीक्षा देकर लौट रही दो छात्राओं को एक बाइक युवक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों छात्राएं सड़क पर गिर गई और घायल हो गई। घायल हुए दोनों छात्राओं को आसपास के लोगों की सूचना पर मौके पर पहुची एंबुलेंस द्वारा बाड़ी सामान्य अस्पताल लाया गया।जहां से प्राथमिक चिकित्सा के बाद एक छात्रा को गंभीर हालत में धौलपुर रेफर किया है। वहीं दूसरी छात्रा का उपचार सामान्य अस्पताल में चल रहा है।

जानकारी के अनुसार उपखंड के कुहावनी गांव निवासी बीए प्रथम वर्ष की दोनों छात्राएं धौलपुर रोड़ स्थित गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में परीक्षा देने गई थी। जहां से परीक्षा संपन्न होने पर वापस लौट रही थी। इस दौरान जैसे ही वह हाईवे के पास मोड़ पर पहुंची,एक बाइक सवार युवक ने अनियंत्रित होकर दोनों छात्राओं को टक्कर मार दी। दुर्घटना में 16 वर्षीय छात्रा अंजना पुत्री संग्राम मीना और 15 वर्षीय छात्रा गीतांजलि पुत्री श्याम मुरारी शर्मा घायल हुई है। जिनमें अंजना मीना की हालत गंभीर होने पर धौलपुर रेफर किया गया है। वहीं गीतांजलि का उपचार सामान्य अस्पताल में चल रहा है।

घटना को लेकर अस्पताल पहुंचे गीतांजलि के पिता श्याम मुरारी ने बताया कि उनकी बेटी बीए प्रथम वर्ष की परीक्षा देने गवर्नमेंट पीजी कॉलेज सेंटर पर गई थी। जहां से वापस लौटते समय दुर्घटना का शिकार हो गई। घटना में बाइक सवार युवक कौन था। इसकी अभी कोई जानकारी नहीं हो सकी है। परिजनों द्वारा पुलिस में भी अभी कोई शिकायत नहीं की गई है।



» धौलपुर ... ग्रामीणों को मतदान के प्रेरित करते जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी व एसपी सुमित मेहरडा

# भयमुक्त लोकसभा मतदान प्रकिया सम्पन्न कराने के लिए पुलिस के पुख्ता बंदोबस्त - सुमित मेहरडा

## 3600 पुलिसकर्मी, केन्द्रीय पैरा मिलिट्री फोर्स, आर.ए.सी. होमगार्ड, एसडीआरएफ, दूरसंचार बल, बॉर्डर होमगार्ड के अधिकारी एवं जवान संभालेंगे चुनाव की कमान

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**धौलपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त कराने के लिए धौलपुर पुलिस पूरी तरह तैयार है। पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा के नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज शर्मा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाडी कमलकुमार जांगिड के सुपरविजन में आचार संहिता लागू होने के बाद अन्तर्राज्जीय सीमाओं पर नाकाबंदी कर वाहनों की लगातार सघन चेंकिग एवं पुलिस बल द्वारा संवदेनशील व अति-संवेदनशील मतदान केन्द्रो सहित अन्य मतदान केन्द्रो पर लगातार पैदल फ्लैग मार्च कर मतदाताओं को निर्भीक होकर कल 19 अप्रैल 2024 को मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया है कि कल 19 अप्रैल 2024 को जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए पुलिस के माकूल बंदोबस्त किया गया है। जिला पुलिस के अलावा एसडीआरएफ, आरएसी, सवाईमाधोपुर पुलिस, कोटा ग्रामीण पुलिस, कोटा सिटी पुलिस, बांसवाडा पुलिस, बूंदी पुलिस, केन्द्रीय पैरा मिलिट्री फोर्स, होमगार्ड, एवं बॉर्डर होमगार्ड के अधिकारी एवं जवान चुनाव ड्यूटी में अपने कर्तत्य का निर्वहन करेगें। करीब 3600 अधिकारी एवं जवान लोकसभा चुनाव पुलिस ड्यूटी में नियोजित किये गये है, जो 932 मतदान केन्द्रो, 12 उडानदस्तों, 112 पुलिस मोबाइल पार्टी 112 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 15, क्यूआरटी टीम, 12 पुलिस सुपरवाईजरी अधिकारी, 4 वरिष्ठ पुलिस सुपरवाईजरी अधिकारी आदि के तौर पर चुनाव के दौरान तैनात रहेगे। जिले के 288 किटीकल मतदान केन्द्रो पर सीएपीएफ / राज्य सशस्त्र पुलिस का 1-3 का अतिरिक्त सशस्त्र जाप्ता तैनात किया गया है। राजकमल आरपीएस अति. पुलिस अधीक्षक एस.ओ.जी. नई दिल्ली को विधानसभा बसेडी, कमलकुमार जांगिड अति. पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाडी, दिनेश शर्मा अति. पुलिस अधीक्षक सिविल राईट्स जयपुर को धौलपुर विधानसभा एवं अनिल मीणा अति. पुलिस अधीक्षक एटीएस भरतपुर को विधानसभा राजाखेडा में बतौर वरिष्ठ विधानसभा वाईज सुपरवाईजरी अधिकारी लगाया गया है। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने के लिए जिले में 112 पुलिस मोबाईल पार्टियां लगाई गई है प्रत्येक मोबाइल पार्टी का प्रभारी अधिकारी एक सहायक उप निरीक्षक/हैड कानि. रैंक का अधिकारी है, जिनको 1 पुलिसकर्मी व 2 होमगार्ड उपलब्ध कराये गये है। मोबाइल पार्टी अपने अपने क्षेत्र में गश्त एवं भ्रमण करते हुए चुनाव में गडबडी फेलाने वाले संदिग्धों, आपराधिक एवं आसामाजिक तत्वों, हिस्ट्रीशीटर्स एवं अवैध शराब / अवैध हथियार का कारोबार करने वाले व्यक्तियों पर नजर रखते हुए संबधित थाना के माध्यम से प्रभावी कानूनी कार्यवाही करेगी। जिला, विधानसभा एवं थाना स्तर पर पर आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए रिजर्व पुलिस जाप्ता की भी व्यवस्था की गई है। चुनाव व्यवस्था में नियोजित समस्त अति. पुलिस अधीक्षक / वृत्ताधिकारी / थानाधिकारीगणों के साथ मतदान दिवस पर उत्पन्न होने वाली कानून-व्यवस्था की किसी भी समस्या की पूर्ण एवं स्पष्ट विडियोग्राफी के लिए एक-एक वीडियोग्राफर लगाया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया है कि पुलिस लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिले भर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है, चुनाव में गडबडी फैलाने की कोशिश करने वालों से पुलिस पूरी सख्ती से निपटेगी।

# भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव

### श्रीजी 21 अप्रेल को स्वर्णमयी रथ में विराजमान होकर करगे नगर भ्रमण

धौलपुर। जैन धर्म के अन्तिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव श्रद्धा धार्मिक आस्था के साथ 21 अप्रेल को मनाया जाएगा जन्म कल्याणक महोत्सव के पावन अवसर पर मन्दिर जी में प्रातः 6:30 श्री जी का स्वर्ण कलशो के साथ अभिषेक, प्रातः 7.00 विश्व कल्याण हेतु शांति धारा, विशेष पूजा उपरांत 9 बजे बजे भव्य दिव्य शोभायात्रा श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर पुरानी सब्जी मंडी, नरसिंह रोड, तोप तिराया, बजरिया, गडरपुरा चौराहा, पुराना राजाखेड़ा बस स्टैंड, पुराना डाकखाना चौराया, सेठ प्रताप सिंह मार्ग, हलवाई खाना, हनुमान तिराया होती हुई शोभायात्रा का लगभग 2 बजे जैन मंदिर पर श्रीजी के कलसा अभिषेक साथ समापन होगा। जैन समाज धौलपुर के अध्यक्ष धनेश जैन के अनुसार भव्य शोभायात्रा में भगवान महावीर स्वामी के जीवन दर्शन पर आधारित झांकियां, रथ, बैंड बाजे, ढोल नगाड़े शामिल होंगे शोभा यात्रा के सुचारू संचालन के लिए प्रशासन, विद्युत विभाग एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर परिषद धौलपुर को जैन समाज द्वारा पत्र लिखकर शोभायात्रा मार्ग को दुरुस्त करने शोभायात्रा मार्ग में साफ सफाई एवं शोभायात्रा मार्ग में जो विद्युत तार लूज है लटक रहे हैं उनको सही करने तथा सुरक्षा व्यवस्था हेतु निवेदन किया गया है शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करेंगे।

# संपादकीय

## ग्रामीण उपभोक्ता मांग और चुनौतियां, टीवी, कूलर, एसी, पंखे, ट्रैक्टर, दुपहिया वाहन खरीदने का सही वक्त

ग्रामीण उपभोक्ता मांग में बढ़ोतरी के कई कारक हैं, जिनमें ग्रामीण आय में वृद्धि प्रमुख है। विगत कुछ वर्षों में ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार हुआ है। सरकारों ने इसके लिए बहुत से प्रयास किए हैं। हाल में हुए 'सेंटर फार मानिटरिंग इंडियन इकोनामी' (सीएमआइई) के ताजा सर्वेक्षण में बताया गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ता मांग तेजी से बढ़ी है। यहां टीवी, फ्रिज, कूलर, पंखा, एसी आदि की मांग 2019 के कोरोना काल के बाद 25.82 फीसद बढ़ी है। अप्रैल 2020 में सिर्फ 2.03 फीसद ग्रामीण उपभोक्ता मान रहे थे कि टीवी, फ्रिज, कूलर, एसी, पंखे, ट्रैक्टर, दुपहिया वाहन आदि खरीदने का उनके लिए यह सबसे अच्छा समय है, लेकिन अब 27.85 फीसद ग्रामीण उपभोक्ता मानते हैं कि वर्तमान समय इसके लिए सबसे बेहतर है। लोकसभा चुनाव के दौर में धन के प्रवाह को भी इसकी एक वजह माना जा रहा है। इसी वर्ष जनवरी में ग्रामीण उपभोक्ता मांग का सूचकांक कम हो गया था, मगर चुनाव की घोषणा के बाद मार्च में तेजी आने लगी। रपट में यह भी कहा गया है कि ग्रामीण उपभोक्ता मानते हैं कि अगले पांच साल उनकी वित्तीय स्थिति और अच्छी बनी रहेगी। अप्रैल 2019 में 29.74 फीसद ग्रामीण मानते थे कि आर्थिक हालात बेहतर हैं, लेकिन मई 2021 में ऐसा मानने वाले सिर्फ 2.93 फीसद रह गए थे। चुनाव की तिथियां घोषित होने के बाद मार्च 2024 में बढ़कर यह संख्या 31.60 फीसद हो गई है। वाहन उद्योग में भी ग्रामीण उपभोक्ता मांग में तेजी आई है। कुछ दिनों पहले आरबीआइ के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बताया था कि वित्तवर्ष 2020-23 की दूसरी तिमाही में दुपहिया वाहनों की 30.3 फीसद और ट्रैक्टर की बिक्री 16.1 फीसद बढ़ी है। ग्रामीण वित्त विशेषज्ञों का मानना है अगले पांच वर्षों में ग्रामीण उपभोक्ता मांग में और तेजी आने की संभावना है।

ग्रामीण उपभोक्ता मांग में बढ़ोतरी के कई कारक हैं, जिनमें ग्रामीण आय में वृद्धि प्रमुख है। विगत कुछ वर्षों में ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार हुआ है। सरकारों ने इसके लिए बहुत से प्रयास किए हैं। इनमें गरीबी और असमानता को कम करने, सामाजिक सुरक्षा, आय सृजन और आजीविका के विकल्प प्रदान करने और देश में आबादी के कमजोर वर्गों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने हेतु किए जाने वाले उपाय शामिल हैं। इसके लिए कई लक्षित कार्यक्रम शुरू किए गए, जिनमें प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैंड-अप इंडिया योजना, अल्पसंख्यकों और अन्य कमजोर वर्गों के लिए अंब्रेला कार्यक्रम, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, पीएम-किसान के तहत फंड ट्रांसफर, पीएम फसल बीमा योजना का दावा भुगतान, उर्वरक सब्सिडी, डेयरी सहकारी समितियों और कृषि-बुनियादी ढांचे के लिए ब्याज छूट, फार्म गेट इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए फंड उपलब्ध कराना आदि प्रमुख हैं। ग्रामीण उपभोक्ता आय में वृद्धि की दृष्टि से डीबीटी योजना सबसे महत्वपूर्ण है। इसमें जिन योजनाओं के अंतर्गत नकद भुगतान की व्यवस्था है, उनमें धन को सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में हस्तांतरित कर दिया जाता है। फिलहाल इस व्यवस्था में सरकार के 53 मंत्रालयों की 310 योजनाएं शामिल हैं, जिनमें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, पीएम किसान, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, अटल पेंशन योजना, राष्ट्रीय आयुष मिशन आदि के अंतर्गत दिए जाने वाले लाभ शामिल हैं।

# सियासतः चुनावों में चुनौती बन रहा चीन... भारत के साथ र पर भी है ड्रैगन की तिरछी नजर, सोशल मीडिया का दुरुपयोग

> **हाल के वर्षों में, प्रौद्योगिकी और राजनीति का जुड़ाव तेजी से स्पष्ट होता जा रहा है, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में संभावित हस्तक्षेप को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। माइक्रोसॉफ्ट ने चेतावनी दी है कि चीन भारत के लोकसभा चुनाव सहित कई अन्य चुनावों को प्रभावित करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का दुरुपोयोग कर सकता है। यह लेख इस मुद्दे के बहुआयामी आयामों को रेखांकित करता है और तकनीकी, राजनीतिक और मनोवैज्ञानिक निहितार्थों की खोज करता है। ताइवान के अनुभवों के जरिये इसकी भी पड़ताल की गई है कि इनसे निपटने में सरकारों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को किन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। माइक्रोसॉफ्ट का कहना है कि चीन सोशल मीडिया के जरिये कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) द्वारा बनाई गई राजनीतिक सामग्री वितरित करेगा, जो %इन हाई-प्रोफाइल चुनावों में उसके हितों को लाभ पहुंचा सकता हैं।**

चीन मतदाताओं को सबसे ज्यादा किस चीज से विभाजित किया जा सकता है, इस पर मतदान कराने के लिए फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट का इस्तेमाल कर रहा है, ताकि मतभेद पैदा हो सकें। आशंका है कि वह भारत में लोकसभा चुनाव और अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव को भी प्रभावित कर सकता है। हाल के वर्षों में, प्रौद्योगिकी और राजनीति का जुड़ाव तेजी से स्पष्ट होता जा रहा है, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में संभावित हस्तक्षेप को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। माइक्रोसॉफ्ट ने चेतावनी दी है कि चीन भारत के लोकसभा चुनाव सहित कई अन्य चुनावों को प्रभावित करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का दुरुपोयोग कर सकता है। यह लेख इस मुद्दे के बहुआयामी आयामों को रेखांकित करता है और तकनीकी, राजनीतिक और मनोवैज्ञानिक निहितार्थों की खोज करता है। ताइवान के अनुभवों के जरिये इसकी भी पड़ताल की गई है कि इनसे निपटने में सरकारों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को किन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। माइक्रोसॉफ्ट का कहना है कि चीन सोशल मीडिया के जरिये कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) द्वारा बनाई गई राजनीतिक सामग्री वितरित करेगा, जो %इन हाई-प्रोफाइल चुनावों में उसके हितों को लाभ पहुंचा सकता है%, क्योंकि एआई से तेजी से मीम्स, वीडियो और ऑडियो सामग्रियां बन रही हैं। कंपनी ने जून, 2023 से चीन और उत्तर कोरिया में 'कुछ उल्लेखनीय साइबर रुझान देखे हैं, जो न केवल अपने परिचित लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, बल्कि अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए अधिक जटिल प्रभावी तकनीकों का उपयोग करने का भी प्रयास करते हैं।% माइक्रोसॉफ्ट ने दावा किया है कि चीनी साइबर हमलावरों ने तीन लक्ष्य क्षेत्रों को चुना है- दक्षिण प्रशांत द्वीप समूह के देश, दक्षिण चीन सागर क्षेत्र में उसके क्षेत्रीय विरोधी और अमेरिकी रक्षा औद्योगिक आधार। चीनी अभियान एआई-जेनरेटेड या एआई-समर्थित सामग्री को परिष्कृत करना जारी रखते हैं। इन अभियानों के पीछे के खिलाड़ियों ने एआई-जनरेटेड मीडिया को बढ़ाने की इच्छा दर्शाई है, जो उनके रणनीतिक आख्यानों को लाभ पहुंचाता है, साथ ही वे वीडियो, मीम्स और ऑडियो सामग्री भी बनाते हैं। चीन, मतदाताओं को सबसे ज्यादा किस चीज से विभाजित किया जा सकता है, इस पर मतदान कराने के लिए फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट



का इस्तेमाल कर रहा है, ताकि मतभेद पैदा हो सकें। वह संभवतः अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे को भी अपने पक्ष में प्रभावित कर सकता है। उत्तर कोरिया ने अपने सैन्य लक्ष्यों और गुप्तचर जानकारी संग्रह को वित्तपोषित करने और आगे बढ़ाने के लिए क्रिप्टोकरंसी लूट और आपूर्ति श्रृंखला को बाधित करने वाले हमलों को बढ़ा दिया है। इसने अपने कार्यों को अधिक प्रभावी और कुशल बनाने के लिए एआई का उपयोग करना भी शुरू कर दिया है। सॉफ्टवेयर दिग्गज माइक्रोसॉफ्ट ने चीन द्वारा एआई का इस्तेमाल कर भारत, अमेरिका और दक्षिण कोरिया सहित कई देशों में चुनावों को बाधित करने की आशंका से संबंधित जो चेतावनी जारी की है, वह चिंताजनक है। माइक्रोसॉफ्ट थ्रेट इंटेलिजेंस से मिली जानकारी के अनुसार, चीन आगामी प्रमुख चुनावों में विशेष रूप से अपने हितों को आगे बढ़ाने के लिए एआई द्वारा बनाई गई सामग्री का इस्तेमाल कर सकता है। माइक्रोसॉफ्ट थ्रेट एनालिसिस सेंटर (एमटीएसी) की रिपोर्ट इस आसन्न खतरे को रेखांकित करती है कि %इस साल दुनिया भर में होने वाले प्रमुख चुनावों को देखते हुए, खासकर भारत, दक्षिण कोरिया और अमेरिका में, चीन अपने हितों को लाभ पहुंचाने के लिए एआई जनरेटेड सामग्री बनाएगा और उसका प्रचार करेगा। माइक्रोसॉफ्ट की चेतावनी ताइवान में राष्ट्रपति चुनाव के दौरान चीन के कथित ट्रायल रन की खबरों के बाद आई है, जहां उसने जनवरी में एआई द्वारा बनाई सामग्री के जरिये दुष्प्रचार का प्रयास किया था। रिपोर्ट में स्टॉर्म 1376 नामक एक बीजिंग समर्थित समूह का उल्लेख है, जिसे स्पैमोफ्लाज या ड्रैगनब्रिज के नाम से भी जाना जाता है, जो ताइवानी चुनाव के दौरान अत्यधिक सक्रिय था। यह राजनीतिक परिणामों को प्रभावित करने के लिए चीन द्वारा प्रौद्योगिकी के उपयोग के मामले का अध्ययन करता है और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में तकनीकी हस्तक्षेप की क्षमता को रेखांकित करता है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्वारा बनाई गई सामग्री जनमत को प्रभावित करने के लिए संज्ञानात्मक पूर्वाग्रहों और मनोवैज्ञानिक कमजोरियों का फायदा उठा सकती है। माइक्रो टार्गेटिंग और भावनात्मक संदेश जैसी तकनीकों का लाभ उठाकर, एआई एल्गोरिदम इको चैंबर्स बना सकता है, जो मौजूदा विश्वासों को मजबूत करता है और समाज को ध्रुवीकृत करता है। इसके अलावा, %डीपफेक% तकनीक का उदय सूचना के पारंपरिक स्रोतों में विश्वास को कम करते हुए, तथ्य और कल्पना के बीच की बारीक रेखा को धुंधला कर एक महत्वपूर्ण खतरा बन गया है। सरकारों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को राजनीतिक उद्देश्यों के लिए एआई सामग्री के दुरुपयोग को रोकने में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। सबसे पहले, इंटरनेट की सीमाहीन प्रकृति क्षेत्राधिकार संबंधी मुद्दों को जटिल बनाती है, जिससे दुर्भावनापूर्ण लोग अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के पार बिना किसी दंड के काम कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, तकनीकी नवाचार की तीव्र गति विनियामक प्रयासों से आगे निकल जाती है, जिससे नीति निर्माताओं के लिए उभरते खतरों का सामना करना मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा, एआई सामग्री निर्माण और प्रसार का विकेंद्रीकृत स्वरूप पारंपरिक प्रवर्तन रणनीतियों में बाधा डालता है, जिसके लिए सरकारों, तकनीकी कंपनियों और नागरिक समाज के बीच सहयोग की आवश्यकता होती है। डिजिटल युग में लोकसभा चुनावों को प्रभावित करने के लिए चीन द्वारा एआई-जनरेटेड सामग्री के संभावित उपयोग से प्रौद्योगिकी और राजनीति के बीच जटिलता स्पष्ट होती है। ताइवान जैसे अन्य देशों के अनुभवों से यह स्पष्ट है कि तकनीकी हस्तक्षेप दुनिया भर में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा बन गया है। इस चुनौती से निपटने के लिए सरकारों, तकनीकी कंपनियों और नागरिक समाज को मजबूत विनियामक ढांचा विकसित करने, डिजिटल साक्षरता बढ़ाने और चुनावों की सत्यनिष्ठा की रक्षा करने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। ऐसा करने में विफलता लोकतंत्र के मूलभूत सिद्धांतों को कमजोर करेगी और नागरिकों का अपने राजनीतिक संस्थानों पर भरोसा कम हो सकता है।

(लेखक साइबर कानून विशेषज्ञ और बॉम्बे हाईकोर्ट के वकील हैं।)

# जागरूकता की जरूरत, समाज के बिना राजनीति का न कोई अस्तित्व है और न ही कोई भविष्य

विडंबना यह है कि समस्याओं के स्रोत की पहचान लोग कर सकते हैं, मगर कई बार सुविधा का जीवन जीने वाला तबका साधारण लोगों को राजनीति से निरपेक्ष होने की सलाह देता है। जबकि समाज अगर किसी समस्या से दो-चार है तो उसका स्रोत व्यवस्था में छिपा हो सकता है। पढ़ें रितुप्रिया शर्मा के विचार। समाज में समस्याएं अनेक हैं, निवारण कम। ज्यादातर लोग अपने आप में गुम अपनी समस्याओं से जूझते रहते हैं, मगर उसके कारणों पर विचार करना या तो जरूरी नहीं समझते या फिर उन्हें इस ओर ध्यान देने का वक्त ही नहीं मिलता। कई बार जब समस्याओं या मूल मुद्दों के हल के लिए उसके कारणों की पड़ताल की दिशा मुखर होना शुरू होती है तो कुछ ऐसे मुद्दे सतह पर तैरने लगते हैं, जिसे देखने-सुनने में लोग उलझ जाते हैं और असली मुद्दों और उसके कारणों से उनका ध्यान बंट जाता है। इस तरह के हालात बार-बार पैदा होते हैं या किए जाते हैं और इसके समांतर समस्याएं न जाने कब से अपने स्वरूप में बनी हुई रहती हैं। विडंबना यह है कि समस्याओं के स्रोत की पहचान लोग कर सकते हैं, मगर कई बार सुविधा का जीवन जीने वाला तबका साधारण लोगों को राजनीति से निरपेक्ष होने की सलाह देता है। जबकि समाज अगर किसी समस्या से दो-चार है तो उसका स्रोत व्यवस्था में छिपा हो सकता है। इन बातों को लेकर समाज और राजनीति परस्पर जुड़े हुए हैं। समाज एक अति शक्तिशाली संस्था है। राजनीति समाज से निकला एक अंग है जो समाज की इच्छाओं की अभिव्यक्ति करता है। समाज के बिना राजनीति का न कोई अस्तित्व है और न ही कोई भविष्य। व्यक्तिगत तौर पर भी जो समस्या हमारे समक्ष आती है, उनका हल कहीं न कहीं हमारी सामाजिक बुनियाद को प्रभावित करने में सक्षम है। आज समाज में बेरोजगारी, आर्थिक असमानता, जातिवाद, सांप्रदायिकता, भ्रष्टाचार, अशिक्षा आदि अनेक समस्याएं व्याप्त हैं। समाज चाहता है कि वह उन समस्याओं से निकलकर एक परिपक्व समाज बने, लेकिन उसकी यह इच्छा अधूरी ही रह जाती है। कारण है राजनीति का व्यक्तिगत स्वार्थों से ओत-प्रोत होना। सत्ता का नशा जिसके ऊपर चढ़ा, वह फिर किसी बात या मुद्दे की कोई परवाह नहीं करता है। समाज के बीच जाकर वोट मांगने वाले जब जीत के बाद हमारे जनप्रतिनिधि बनते हैं, तो चुनाव के बाद अपने सारे वादों को भूल बैठते हैं। अपने क्षेत्र में जाकर चुनाव प्रचार करने और लोगों को भरोसा देने में तो ये अग्रणी रहते हैं, लेकिन क्षेत्र में जाकर काम करने में काफी पिछड़ते हुए नजर आते हैं। हालत यहां तक पहुंच चुकी है कि अब मुद्दाविहीन राजनीति का दौर आ गया लगता है। इसमें किसी भी दल के पास चुनाव लड़ने के लिए कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा दिखता है। व्यक्तिगत उत्तरदायित्व से खुद को बचाकर एक दूसरे पर आरोप लगाने वाले इस दौर में समाज केवल एक तमाशबीन बनकर रह गया है। ऐसा नहीं कि इसके लिए समाज की अपनी कोई जिम्मेदारी नहीं है। दरअसल, समाज भी अपने-अपने व्यक्तिगत मुद्दों को लेकर सक्रिय है। एक व्यक्ति के तौर पर किस-किस ने क्या-क्या संघर्ष किया है या मौजूदा समाज में किस तरह की सामाजिक-राजनीतिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक समस्या आ रही है, वह इसकी ओर मुंह मोड़कर खड़ा है। लोग केवल वोट वाले दिन सक्रिय होते हैं और फिर वोट डालते हैं। इसके बाद घर की ओर लौट जाते हैं। कौन-सा राजनीतिक दल, किस मुददे या उद्देश्य को लेकर चुनाव लड़ रहा है, इससे किसी का कोई सरोकार नहीं है।

तात्कालिक मुद्दों का गुबार हावी होता है और वह वास्तविक मुद्दों पर छा जाता है। कभी परिवार वालों के मत से, कभी राजनीतिक लहर के प्रभाव में, कभी किसी नेता के करिश्माई व्यक्तित्व के कारण हमारा समाज अपने वोट के अधिकार का प्रयोग कर अपने आप को लोकतंत्रवादी साबित करता रहता है। लोग समझते हैं कि हम सबसे बड़ा लोकतंत्र हैं, लेकिन मुद्दाविहीन राजनीति क्या सच्चे लोकतंत्र की पहचान है। एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करना ही लोकतंत्र की पहचान बनती जा रही है। समाज इन सबसे कटा हुआ है। किसने, किसको और कैसे ठगा है, वह मुद्दा भूल गया है। पहले लाखों के गबन होते थे। यह बात अब अरबों तक पहुंच गई है जो कि इस दौर के लिए समाज में पैदा हुई सामान्य-सी बात है। अगर राजनीतिक मुद्दों के बिना बात की जाती है तो उन मुद्दों का निराकरण भी नहीं हो पाता है। समाज को चाहिए कि राजनीतिक कार्यकर्ताओं से सवाल-जवाब करे, उनकी समस्या निवारण में जो भी भूमिका हो सकती है, उसके निर्धारण के लिए कोई योजना भी राजनीतिक दलों के समक्ष लाई जाए।

वे ऐसा करने से इनकार करें तो फिर उन पर विश्वास न करके उन्हें अपना प्रतिनिधि न बनाएं, बल्कि किसी नए व्यक्ति को अपना प्रतिनिधि चुने, जो वाकई समाज से जुड़ा हो और मुद्दों पर कार्य करना चाहता हो। हम ही समाज हैं तो ये सारी बातें हमारे ऊपर उतरती भी है। लोकतांत्रिक जागृति गांव-कस्बों तक पहुंचे, यह हमारी जिम्मेदारी है। नहीं तो यह मुद्दाविहीन, लक्ष्यहीन राजनीति हमारी सामाजिक आधारशिला, उन्नति और आर्थिक व्यवस्था को क्षीण कर देगी। राजनीति और समाज को एक एकीकृत व्यवस्था के रूप में चलाना चाहिए। व्यक्ति का मूल्य समझना व्यक्तिवादी सोच का द्योतक नहीं है। व्यक्ति का मूल्य समाज की तरक्की और दिशा निर्धारण का उत्तम तरीका है। राजनीति को मुद्दाविहीन न बनने दिया जाए। दलों को स्वार्थपरता से दूर रखते हुए उन्हें समाज की समस्याओं से अवगत कराते रहना चाहिए। निवारण के लिए प्रेरित कर लोकतंत्र का असली स्वरूप हम सामने ला सकते हैं। अन्यथा लक्ष्यहीन, मुद्दाविहीन राजनीति हमारे समाज को कहीं न कहीं, कोई न कोई नुकसान पहुंचाएगी और भविष्य में कहीं लेकर नहीं जाएगी। इसलिए समाज को इस पर गौर करके पहल करनी चाहिए, ताकि यह सबके लिए कल्याणकारी सिद्ध हो।

# विमाननः हवाइयां उड़ातीं हवाई टिकट की कीमतें...

> **विगत छह महीनों में इंडिगो एयरलाइन के शेयर में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। जबकि पिछले एक साल में इसके शेयरों ने निवेशकों को 102.55 प्रतिशत का प्रतिफल (रिटर्न) दिया है। पिछले महीने इसके शेयर ने निवेशकों को 18.25 प्रतिशत का प्रतिफल दिया है। इस साल एक जनवरी से अब तक इसके शेयर ने निवेशकों को 27.78 प्रतिशत का प्रतिफल दिया है। इंडिगो एयरलाइन ने दो फरवरी, 2024 को वित्त वर्ष 2023-24 के दिसंबर तिमाही के नतीजे की घोषणा की थी, जिसके अनुसार इंडिगो का शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 110.7 प्रतिशत बढ़कर 2,998 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले साल की समान तिमाही में इसने 1,422.6 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा दर्ज किया था।**

भारत की इंडिगो एयरलाइन 1.47 लाख करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण के साथ दुनिया की तीसरी बड़ी विमानन कंपनी बन गई है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक, यात्रियों की संख्या के हिसाब से भारत के विमानन क्षेत्र में इंडिगो एयरलाइन की 60.2 प्रतिशत की हिस्सेदारी है, जबकि दूसरे स्थान पर एयर इंडिया है, जिसकी हिस्सेदारी 12.2 प्रतिशत है। विगत छह महीनों में इंडिगो एयरलाइन के शेयर में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। जबकि पिछले एक साल में इसके शेयरों ने निवेशकों को 102.55 प्रतिशत का प्रतिफल (रिटर्न) दिया है। पिछले महीने इसके शेयर ने निवेशकों को 18.25 प्रतिशत का प्रतिफल दिया है। इस साल एक जनवरी से अब तक इसके शेयर ने निवेशकों को 27.78 प्रतिशत का प्रतिफल दिया है। इंडिगो एयरलाइन ने दो फरवरी, 2024 को वित्त वर्ष 2023-24 के दिसंबर तिमाही के नतीजे की घोषणा की थी, जिसके अनुसार इंडिगो का शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 110.7 प्रतिशत बढ़कर 2,998 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले साल की समान तिमाही में इसने 1,422.6 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा दर्ज किया था। इतना ही नहीं, दूसरी तिमाही में भी इंडिगो ने 188.9 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा दर्ज किया था। विगत पांच वर्षों में पहली बार किसी भारतीय विमानन कंपनी ने किसी भी वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में मुनाफा दर्ज किया है, क्योंकि दूसरी तिमाही विमानन उद्योग के लिए कमजोर मांग वाला सीजन माना जाता है। इंडिगो का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एयरलाइन बनना निश्चित रूप से हर्ष एवं गौरव का विषय हो सकता है। यह शेयर बाजार में निवेश करने वाले निवेशकों के लिए भी खुशी की बात हो सकती है, क्योंकि इसके शेयर में निवेश करके निवेशकों ने काफी कमाई की है, लेकिन यह जरूरतमंद यात्रियों के लिए खुशी की बात कतई नहीं हो सकती है। मौज-मस्ती के लिए हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए एयर टिकट की कीमत ज्यादा मायने नहीं रखती है, लेकिन किसी बीमार का इलाज के लिए सफर करने या नौकरी में योगदान देने, जरूरी मीटिंग में शामिल होने, आदि के लिए यात्रा करने वालों के लिए लगातार एयर टिकट की कीमत में इजाफा परेशानी का कारण बन गया है। यात्रा वेबसाइट इक्सिगो के विश्लेषण से पता चला है कि एक से सात मार्च की तुलना में एक से सात अप्रैल की अवधि में कुछ हवाई मार्गों पर किराया 39 प्रतिशत तक बढ़ गया है। इस अवधि में दिल्ली से बंगलूरू के बीच के उड़ानों के लिए एक तरफ का किराया 39 प्रतिशत तक बढ़ गया है, जबकि दिल्ली से श्रीनगर के हवाई किराये में 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो एयरलाइन के पास 320 से ज्यादा विमानों का बेड़ा है, जो हर दिन 1,900 से ज्यादा फेरे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय शहरों में लगाते हैं। वर्ष 2024 में 150 नए विमानों को घरेलू उड़ान हेतु बेड़े में जोड़ा गया है। फिर भी यह घरेलू मांगों को पूरा करने में असमर्थ है। घरेलू यात्रियों की संख्या में वर्ष दर वर्ष के आधार पर 24 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। 2023 में घरेलू यात्रियों की संख्या 15.2 करोड़ से अधिक हो गई है। विमानन उद्योग मांग के अनुरूप क्षमता बढ़ाने में कई चुनौतियों से जूझ रहा है। घरेलू मार्गों पर भी बड़े विमानों का उपयोग हो रहा है। बावजूद इसके, मांग और आपूर्ति के बीच खाई बनी हुई है। इंडिगो को छोड़ दूसरी एयरलाइंस की उड़ानें गाहे-बगाहे रद्द होने और यात्री मांग में मजबूती के कारण हवाई किराये में 20 से 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो चुकी है। गर्मियों में घरेलू उड़ानों में यात्रियों को टिकट के लिए अधिक भुगतान करना पड़ रहा है। सभी एयरलाइंस के टिकटों की कीमत आसमान छू रही है। गर्मी की छुट्टियों में इसमें बढ़ोतरी का अंदेशा है। हालांकि, 18 से 24 महीने पहले भारत में एयर टिकट की कीमत काफी सस्ती थी। एयर टिकट की कीमत मांग और आपूर्ति के आधार पर तय होती है। वैसे, विमानन मंत्रालय के अधीन काम करने वाली संसदीय स्थायी समिति ने भी छुट्टियों और त्योहारों के दौरान एयर टिकट की कीमत वृद्धि पर रोक लगाने पर जोर दिया है। बावजूद इसके, एयर टिकट की कीमत में कमी के आसार नहीं हैं, क्योंकि आज बड़ी संख्या में विमान जमीन पर खड़े हैं और परिचालनगत समस्याओं की वजह से विमानों का परिचालन भी रद्द हो रहा है।

# नक्सली चुनौती, जल, जंगल और जमीन की समस्या और सरकार का रवैया

> **सरकार का कहना है कि छत्तीसगढ़ में नक्सली कुछ इलाकों तक सिमट कर रह गए हैं। जल्दी ही उन पर पूरी तरह नकेल कसी जा सकेगी। केंद्र और राज्य सरकारें ऐसे दावे बहुत समय से करती आ रही हैं, मगर हकीकत यह है कि अनेक उपायों, रणनीतियों और प्रयासों के बावजूद वहां माओवादी हिंसा पर काबू पाना कठिन बना हुआ है। थोड़े-थोड़े समय पर नक्सली सक्रिय हो उठते और घात लगा कर सुरक्षाबलों पर हमला कर देते हैं। अगर सचमुच नक्सलियों को कुछ इलाकों तक समेट दिया गया होता और उनके संगठन कमजोर हो गए होते, तो उनके पास अत्याधुनिक हथियारों की पहुंच संभव न होती, सुरक्षाबलों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए उनके पास कारगर संचार प्रणाली न होती।**

आदिवासी इलाकों में माओवादी हिंसा की कई परतें हैं। आदिवासियों को लगता है कि सरकार उनके जंगल और जमीन छीन कर उद्योगपतियों को सौंप देना चाहती है। वे इसका विरोध करते रहे हैं। छत्तीसगढ़ के कांकेर में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में उनतीस नक्सलियों को मार गिराया। निस्संदेह यह बड़ी कामयाबी है। इस वर्ष इस घटना सहित अब तक करीब अस्सी नक्सली मारे जा चुके हैं। सरकार का कहना है कि छत्तीसगढ़ में नक्सली कुछ इलाकों तक सिमट कर रह गए हैं। जल्दी ही उन पर पूरी तरह नकेल कसी जा सकेगी। केंद्र और राज्य सरकारें ऐसे दावे बहुत समय से करती आ रही हैं, मगर हकीकत यह है कि अनेक उपायों, रणनीतियों और प्रयासों के बावजूद वहां माओवादी हिंसा पर काबू पाना कठिन बना हुआ है। थोड़े-थोड़े समय पर नक्सली सक्रिय हो उठते और घात लगा कर सुरक्षाबलों पर हमला कर देते हैं। अगर सचमुच नक्सलियों को कुछ इलाकों तक समेट दिया गया होता और उनके संगठन कमजोर हो गए होते, तो उनके पास अत्याधुनिक हथियारों की पहुंच संभव न होती, सुरक्षाबलों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए उनके पास कारगर संचार प्रणाली न होती। छत्तीसगढ़ में करीब चालीस वर्ष से माओवादी हिंसा का दौर चल रहा है। इस बीच अनेक रणनीतियां अपनाई गईं, मगर वे कारगर नहीं हो पाई हैं। चुनाव के माहौल में सुरक्षाबलों की ताजा कामयाबी से नक्सली उपद्रवियों का मनोबल जरूर कमजोर होगा, पर इस समस्या को जड़ से समाप्त करने के लिए व्यावहारिक कदम की अपेक्षा अब भी बनी हुई है। दरअसल, आदिवासी इलाकों में माओवादी हिंसा की कई परतें हैं। आदिवासियों को लगता है कि सरकार उनके जंगल और जमीन छीन कर उद्योगपतियों को सौंप देना चाहती है। वे इसका विरोध करते रहे हैं। शुरू में इस मसले को बातचीत के जरिए सुलझाने की कोशिश की गई, मगर वह किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी। फिर बंदूक के जरिए उन पर काबू पाने का प्रयास किया जाने लगा। फिर आदिवासियों और समर्पण करने वाले नक्सलियों को ही बंदूक देकर नक्सली संगठनों के खिलाफ खड़ा करने की रणनीति अपनाई गई। उसमें काफी खून-खराबा हुआ, मगर नक्सली समस्या को समाप्त कर पाना संभव न हो सका। हेलीकाप्टर, ड्रोन और अत्याधुनिक संचार तकनीकी के जरिए उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जाने लगी, पर उसमें भी बहुत कामयाबी नहीं मिल सकी। नक्सली कई मौकों पर सुरक्षाबलों को अपने जाल में फंसा कर हमला करते भी देखे जा चुके हैं। दो साल पहले इसी तरह उन्होंने बीजापुर में बाईस सुरक्षाबलों को मार गिराया था। नक्सली समस्या से पार पाने के लिए दो तरह के विचार काम करते रहे हैं, जिसमें आदिवासियों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए उनके इलाकों में विकास कार्यक्रमों पर बल देने की सिफारिश की जाती रही है। इसके तहत पिछली सरकार ने कई योजनाएं भी चलाई थी, ताकि उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके। दूसरा विचार बंदूक के बल पर नक्सलियों के सफाए का रहा है। मगर हकीकत यह है कि उनसे निपटने के लिए कोई व्यावहारिक नीति आज तक नहीं बन सकी है। हजारों निरपराध आदिवासी जेलों में बंद हैं, उनकी रिहाई के बारे में कोई कदम नहीं उठाया जा सका है। पांच-छह साल पहले एक नीति बनाने पर जरूर जोर दिया गया था, जिसमें उनसे बातचीत का प्रस्ताव भी था, मगर वह नीति बन नहीं सकी। सबसे जरूरी है, स्थानीय आदिवासियों में यह भरोसा पैदा करना कि सरकार उनके जीवन में बेहतरी के लिए प्रतिबद्ध है। उनके जल, जंगल, जमीन के मसले पर संजीदगी से बात हो, तो शायद वे हिंसा का रास्ता छोड़ने को तैयार हो जाएं।



# रोहित शर्मा ने वर्ल्ड कप को लेकर मीटिंग का खंडन किया

## कहा- अगरकर-द्रविड़ से मुलाकात नहीं, इम्पैक्ट प्लेयर नियम के फेवर में नहीं भारतीय कप्तान

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने इस बात का खंडन किया है कि टी-20 वर्ल्ड कप के लिए किसी तरह की उनकी मीटिंग चीफ कोच और चीफ सिलेक्टर के साथ हुई है। रोहित ने ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज एडम गिलक्रिस्ट और पूर्व इंग्लिश कप्तान माइकल वॉन से हुई क्लब प्रेयरी फायर पॉडकास्ट पर कई मुद्दों पर बात की। रोहित ने इम्पैक्ट प्लेयर के नियम पर जहां पर विचार रखे, वहीं दिनेश कार्तिक और धोनी की बल्लेबाजी की तारीफ भी की।

रोहित ने पॉडकास्ट में पूर्व क्रिकेटरों से बातचीत में कहा, मैं किसी से नहीं मिला। अजीत अजीत अगरकर दुबई में कहीं हैं, वो गोल्फ खेल रहे हैं। राहुल द्रविड़ बेंगलुरु में हैं और अपने बच्चे को खेलते हुए देख रहे हैं। मैं मुंबई में था। ईमानदारी से कहूं तो हम मिले नहीं हैं। जब तक आप मुझे, राहुल द्रविड़, अजीत या बीसीसीआई के किसी व्यक्ति को कैमरे के सामने आकर बात करते हुए नहीं सुनते, तब तक सब गलत है।



टी-20 वर्ल्ड कप 1 जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाना है। वहीं 1 मई तक इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल को संभावित खिलाड़ियों की लिस्ट सौंपनी हैं। ऐसे में वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान कुछ दिनों में हो जाएगा। टीम इंडिया के सिलेक्शन के लिए सिलेक्टर्स की मीटिंग 30 अप्रैल या 1 मई को हो सकती है।

रोहित इम्पैक्ट प्लेयर नियम से नाखुश हैं। उन्होंने पॉडकास्ट में इम्पैक्ट प्लेयर को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा कि मैं इम्पैक्ट प्लेयर नियम का फैन नहीं हूं। इससे ऑलराउंडर खिलाड़ियों का महत्व घटेगा और उन्हें पीछे रखेगा। क्रिकेट 11 खिलाड़ियों का खेल है न कि 12 खिलाड़ियों। इम्पैक्ट प्लेयर के नियम आने से ऑलराउंड्र्स शिवम दुबे, वॉशिंगटन सुंदर जैसे खिलाड़ियों को मौका नहीं मिल पा रहा है। आप लोगों के लिए ज्यादा मनोरंजक बनाने के लिए खेल से बहुत कुछ निकाल रहे हैं।रोहित से पूछा गया कि धोनी को टी-20 वर्ल्ड कप के लिए संन्यास से वापस लेकर आ सकते हैं, तो उन्होंने हंसते हुए कहा कि टी-20 वर्ल्ड कप के लिए एमएस धोनी को मनाना मुश्किल होगा लेकिन दिनेश कार्तिक को मनाना आसान होगा। रोहित ने आगे कहा कि दिनेश कार्तिक ने जिस तरह से इस आईपीएल में बल्लेबाजी की और एमएस धोनी ने आकर सिर्फ 4 गेंदें खेलीं और खेल पर बड़ा प्रभाव डाला, उससे वास्तव में मैं प्रभावित हूं।

**पंत हो सकते हैं वर्ल्ड कप टीम में शामिल**

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने रोहित शर्मा से पूछा कि क्या कोई ऐसा खिलाड़ी है, जिसे वह सिर्फ एंटरटेनमेंट के लिए टीम में रखना चाहेंगे। इस पर रोहित ने हंसते हुए कहा कि वह ऋषभ पंत को जरूर टीम में रखेंगे। रोहित ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो अगर कोई मुझे हंसाता है तो वह ऋषभ पंत है। वह एक क्रेजी इंसान है। मैं उसे तब से देख रहा हूं जब वह बच्चा था। जब वह कार एक्सीडेंट की वजह से एक साल से क्रिकेट से दूर थे, तो मैं काफी निराश था। वह काफी मजाकिया है। विकेट के पीछे जिस तरह चीजें करता है, वह आपको हंसने पर मजबूर करता है। यह मुझे काफी पसंद है।

# रियल मैड्रिड UEFA चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में पहुंची, क्वार्टर फाइनल में मैनचेस्टर सिटी को हराया

**नई दिल्ली।** रियल मैड्रिड यूएफा चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। टीम ने गुरुवार, 18 अप्रैल को क्वार्टर फाइनल के दूसरे लेग में मैनचेस्टर सिटी को पेनल्टी शूटआउट में हराया। यूसीएल के दो क्वार्टर फाइनल मैचों का दूसरा लेग आज खेला गया। दूसरे मैच में जर्मनी के क्लब बायर्न म्यूनिख ने इंग्लैंड के क्लब आर्सेनल को हराया। म्यूनिख ने भी सीजन के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है।



**पेनल्टी शूटआउट में रियल मैड्रिड ने मैनचेस्टर सिटी को हराया**

मैड्रिड और सिटी के बीच क्वार्टर फाइनल का दूसरा लेग का मुकाबला फुल टाइम तक 1-1 से ड्रॉ रहा। दोनों टीमों का पहला लेग 3-3 से ड्रॉ रहा था। ऐसे में क्वार्टर फाइनल का फाइनल स्कोर 4-4 से बराबर रहा। नतीजा नहीं आने की वजह से दोनों टीमों को पेनल्टी शूटआउट का सहारा लेना पड़ा। जिसमें मैड्रिड ने सिटी को 4-3 से हराया। दूसरा लेग सिटी के होम ग्राउंड एतिहाद स्टेडियम में खेला गया। मैड्रिड के रॉड्रिगो ने मैच के 12वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। लेकिन, सिटी टीम के स्टार मिडफील्डर केविन डे ब्रुने ने 76वें मिनट में गोल कर मैच बराबरी पर ला दिया, जो फुल टाइम तक यही स्कोर रहा।

**म्यूनिख ने आर्सेनल को 1-0 से हराया**

दूसरे क्वार्टर फाइनल मुकबले में के दूसरे लेग में बायर्न म्यूनिख ने आर्सेनल को 1-0 से हराया। जर्मनी के होम ग्राउंड एलियांज एरिना में खेले गए दूसरे लेग का एकमात्र गोल बायर्न म्यूनिख के जोशुआ किमिच ने किया। दोनों टीमों के बीच पहला लेग 2-2 से बराबर रहा था। ऐसे में दोनों टीमों का क्वार्टर फाइनल का एग्रीगेट स्कोर 3-2 रहा, और म्यूनिख को जित मिली।

**कैसे दो लेग में होते है मुकाबले**

राउंड ऑफ 16 से लेकर सेमीफाइनल तक के मुकाबले 2 लेग में खेले जाते हैं। एक-एक मैच दोनों क्लबों के घर में होते है। दोनों लेग में कुल मिला कर ज्यादा गोल करने वाली टीम को विजयी घोषित किया जाता है।

**1955-56 से खेली जा रही है UEFA चैंपियंस लीग**

दुनिया की सबसे बड़ी फुटबॉल लीग 'चैंपियंस लीग' का यह 32वां सीजन है। जिसका चैंपियन 10 जून को मिला जाएगा। लीग की शुरुआत 1955-56 में हुई थी। तब यूरोपियन यूनियन ऑफ फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित लीग का नाम यूरोपियन चैंपियंस कप था। 1992 में नाम बदलकर UEFA चैंपियंस लीग कर दिया गया। हर सीजन इसमें 32 टीमें हिस्सा लेती है। इन टीमों को 8 ग्रुप में बांटा जाता है।

# धोनी अगले साल का आईपीएल भी खेल सकते हैं, रैना ने किया दावा

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान एमएस धोनी आईपीएल के अगले सीजन में भी खेल सकते हैं। पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने जियो सिनेमा के एक कार्यक्रम में यह दावा किया है। 14 अप्रैल को मुंबई इंडियंस के खिलाफ धोनी ने वानखेड़े स्टेडियम में लगातार तीन छक्के लगाए थे। इस मैच के बाद हुए डिस्कशन प्रोग्राम में एंकर ने धोनी के आगे खेलने पर सवाल किया था।

एंकर ने सबसे पहले सवाल कार्यक्रम में मौजूद पूर्व फास्ट बॉलर आरपी सिंह से यह सवाल किया था। इस पर सिंह ने कहा- इसका बेहतर जवाब रैना दे पाएंगे।



धोनी 42 साल के हो गए हैं। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से साल 2020 में 15 अगस्त को संन्यास ले चुके हैं। उनके आईपीएल रिटायरमेंट की अटकलें 2023 से ही लगाई जा रही हैं। ऐसा माना जा रहा था कि साल 2023 धोनी का आखिरी साल होगा, पर उन्होंने उन्होंने लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए मैच के दौरान टॉस के बाद कमेंटेटर डैनी मॉरिसन ने धोनी से सवाल किया कि आप अपने आखिरी सीजन का आनंद ले रहे हैं? धोनी ने इसका जवाब देते हुए कहा, आपने फैसला किया है कि यह मेरा आखिरी आईपीएल है।

इसके बाद धोनी हंसने लगे। मॉरिसन ने कहा कि धोनी अगले साल भी खेलते नजर आएंगे।

वहीं आईपीएल के इस सीजन के शुरू होने से पहले चेन्नई की कप्तानी ऋतुराज गायकवाड को सौंप दी गई। ऐसे में कयास लगाया जा रहा है कि आईपीएल में धोनी का यह आखिरी साल होगा।

वहीं महेंद्र सिंह धोनी ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुंबई में खेले गए मैच में आखिरी चार गेंदों पर 20 रन बनाए थे। उन्होंने लगातार तीन गेंदों छक्के जड़े और एक गेंद पर 2 रन लिए। वहीं उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में भी 16 गेंदों में 37 रन बनाए, जिनमें चार चौके और 3 छक्के शामिल थे। इस सीजन में चार मैंचों में उन्हें निचले क्रम में बैटिंग का मौका मिला और उन्होंने 59 रन बनाए।

# डेवोन कॉन्वे चोट की वजह से आईपीएल 2024 से बाहर

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के डेवोन कॉन्वे चोट के चलते इंडियन प्रीमियर लीग 2024 से बाहर हो गए हैं। चेन्नई सुपरकिंग्स ने कॉन्वे के रिप्लेसमेंट के रूप में इंग्लैंड के रिचर्ड ग्लीसन को स्क्वॉड में शामिल किया है। कॉन्वे ने इस सीजन एक भी मैच नहीं खेला।

कॉन्वे अंगूठे की चोट के कारण आईपीएल 2024 के पहले हॉफ के लिए उपलब्ध नहीं थे। उन्होंने पिछले महीने अपने अंगूठे की सर्जरी कराई थी और वे तब से खेल के मैदान से दूर हैं।

सीएसके का अगला मैच कल यानी 19 अप्रैल को लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ लखनऊ में खेला जाएगा। सीएसके इस सीजन 6 मैचों में से 4 जीते के बाद 8 पॉइंट्स लेकर पॉइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर है।

# वित्त वर्ष 2025 में घट सकती है माइनिंग और कंस्ट्रक्शन इक्यूप्मेंट इंडस्ट्री की मात्रा

**नई दिल्ली।** रेटिंग एजेंसी Icra ने गुरुवार को कहा कि लोकसभा चुनाव और निर्माण गतिविधियों पर मानसून से संबंधित प्रभाव के कारण नए प्रोजेक्ट ऑर्डर में मंदी के कारण चालू वित्त वर्ष में घरेलू खनन और कंस्ट्रक्शन इक्यूप्मेंट इंडस्ट्री (एमसीई) की मात्रा में गिरावट आ सकती है।

रेटिंग एजेंसी ने एक बयान में कहा कि आईसीआरए को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025 में साल-दर-साल 12-15 फीसदी की गिरावट देखने को मिलेगी, जो 1.14-1.18 लाख यूनिट की मात्रा में तब्दील होगी।



**क्यों आई गिरावट**

यह गिरावट वित्त वर्ष 2023 में 26 प्रतिशत और वित्त वर्ष 24 में 24 प्रतिशत की लगातार दो वर्षों की मजबूत वृद्धि के बाद है।

इस विकास प्रवृत्ति में उलटफेर Q4 FY2024 और Q1 FY2025 में नई परियोजना पुरस्कार गतिविधि में मंदी से प्रेरित होगा, क्योंकि अप्रैल-मई 2024 में संसदीय चुनावों के दौरान आदर्श आचार संहिता लागू रहेगी। इसके अलावा 4 जून को रिजल्ट भी आएंगे।

बयान में यह भी कहा गया है कि इसके अलावा वित्त वर्ष 2025 में आईसीआरए की सैंपल सेट कंपनियों के कुल राजस्व में 9-12 प्रतिशत और ऑपरेटिंग मार्जिन में 100-150 आधार अंकों की कमी आने की उम्मीद है।

परियोजना कार्यान्वयन पर सरकार द्वारा पुन- चुनाव के दबाव के कारण पिछले दो वर्षों में घरेलू खनन और निर्माण उद्योग के लिए मजबूत मांग में तेजी आई है।हालांकि, लोकसभा चुनाव और दूसरी तिमाही में निर्माण गतिविधियों पर मानसून से संबंधित प्रभाव के बीच, लगातार दो तिमाहियों - वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में परियोजना पुरस्कार गतिविधि में व्यवधान की संभावना है।

आईसीआरए की सेक्टर हेड, कॉरपोरेट रेटिंग्स रितु गोस्वामी ने कहा, वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में बिक्री में नरमी देखने को मिलने की संभावना है।

# अडाणी फैमिली ने अंबुजा सीमेंट में 8,339 करोड़ निवेश किया, इससे कंपनी में उनकी हिस्सेदारी 3.6 प्रतिशत बढ़कर 70.3 प्रतिशत हुई

**नई दिल्ली।** बिलेनियर गौतम अडाणी के परिवार ने अंबुजा सीमेंट में ?8,339 करोड़ निवेश किया है, जिससे सीमेंट बनाने वाली कंपनी में उनकी हिस्सेदारी बढ़कर 70.3 प्रतिशत हो गई है। अंबुजा सीमेंट ने एक्सचेंज फाइलिंग में इसके बारे में जानकारी दी है।अधिग्रहण के बाद अडाणी फैमिली ने 18 अक्टूबर 2022 में वारंट के माध्यम से अंबुजा सीमेंट्स में ?5,000 करोड़ का निवेश किया था। वहीं, 22 दिन पहले यानी 28 मार्च 2024 को अडाणी फैमिली ने ?6,661 करोड़ निवेश किया था, तब उनकी कंपनी में हिस्सेदारी 3.6 प्रतिशत बढ़कर 66.7 प्रतिशत हो गई थी।



**इस निवेश से कंपनी की फाइनेंशियल कंडीशन मजबूत होगी**

कंपनी ने कहा कि इस निवेश से हमारी फाइनेंशियल कंडीशन मजबूत होगी। डेवलपमेंट प्लान को आगे बढ़ाने के साथ नई संभावनाओं का फायदा उठाया जा सकेगा। वहीं, अंबुजा सीमेंट्स के सीईओ अजय कपूर ने कहा कि हम अंबुजा में प्लान किए गए अडाणी ग्रुप के 20,000 करोड़ की शुरुआती निवेश के पूरे होने की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं। यह निवेश अंबुजा को तेजी से विकास के लिए पूंजी के साथ लेजर अकाउंट के स्तर पर मजबूती प्रोवाइड करता है। अडाणी ग्रुप ने जून 2022 में 10.5 बिलियन डॉलर में अंबुजा सीमेंट और एसीसी सीमेंट को खरीदा था।

**सप्लाई चेन में एफिशिएंसी सहित कई फैसलों को मजबूती देगा यह फंड**

कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि 2028 तक सीमेंट कारोबार के 140 मिलियन टन सालाना कैपेसिटी को पूरा करने के लिए ये फंड काफी महत्वपूर्ण साबित होगा। इसके अलावा ये ऑपरेशनल परफॉर्मेंस को बढ़ाने के लिए कैपिटल एक्सपेंसेस को कम करने और रिसोर्सेज, सप्लाई चेन में एफिशिएंसी लाने सहित कई रणनीतिक फैसलों को मजबूती देगा।

# नेस्ले एशिया - अफ्रीका के बेबी फूड में मिलाती है चीनी, दूध और सेरेलेक जैसे फूड्स के 1 सर्विंग में एवरेज 4 ग्राम शुगर मिली

**नई दिल्ली।** एफएमसीजी कंपनी नेस्ले डेवलपिंग देशों में बिकने वाले बच्चों के दूध और सेरेलेक जैसे फूड प्रोडक्ट्स में शक्कर और शहद मिलाती हैं। ज्यूरिख स्थित पब्लिक आई एंड इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क ने अपनी रिपोर्ट में इस बात का खुलासा किया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, एशिया, लैटिन अमेरिका और अफ्रीका में बिकने वाले छह महीने तक के बच्चों के लिए गेहूं से बने लगभग सभी बेबी फूड्स में प्रति कटोरी (1 सर्विंग) में एवरेज 4 ग्राम शुगर की मात्रा पाई गई। पब्लिक आई ने इन देशों में कंपनी के 150 प्रोडक्ट्स की जांच बेल्जियम स्थित लैब में की।

पब्लिक आई का यह दावा अगर सही पाया जाता है, तो यह वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के निर्देशों का उल्लंघन है। डबलूएचओ के गाइडलाइन के मुताबिक 3 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए भोजन में कोई शुगर या मीठे पदार्थ का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए।




**सबसे ज्यादा शुगर फिलीपींस के प्रोडक्ट्स में मिली**

इसमें सबसे ज्यादा फिलीपींस में 1 सर्विंग में 7.3 ग्राम शुगर मिली। वहीं, नाइजीरिया में 6.8 ग्राम और सेनेगल में 5.9 ग्राम शुगर बेबी फूड्स में देखने को मिला। इसके अलावा, 15 में से सात देशों ने प्रोडक्ट के लेवल पर शुगर होने की जानकारी ही नहीं दी।

**भारत में करीब 3 ग्राम एवरेज शुगर मिक्स**

रिपोर्ट के मुताबिक, नेस्ले भारत में करीब सभी बेबी सेरेलेक प्रोडेक्ट्स के हर एक सर्विंग में औसतन करीब 3 ग्राम शक्कर मिलाती है। वहीं, 6 महीने से 24 महीने तक के बच्चे के लिए बिकने वाले 100 ग्राम सेरेलेक में टोटल 24 ग्राम शुगर की मात्रा होती है। रिपोर्ट में नेस्ले पर यह आरोप लगाया गया है कि नेस्ले

अपने प्रोडेक्ट्स में मौजूद विटामिन, खनिज और अन्य पोषक तत्वों को प्रमुखता से उजागर करती है, लेकिन शुगर मिक्स के मामले में कंपनी पारदर्शी नहीं है। इसी तरह न्यूबॉर्न बेबी के लिए बेचे जाने वाले पाउडर मिल्क नीडो में प्रति बोतल औसतन 2 ग्राम शुगर मिला। दूसरी ओर, नेस्ले के अपने देश स्विट्जरलैंड या जर्मनी, ब्रिटेन और फ्रांस जैसे यूरोपीय देशों में बिकने वाले इन्हीं उत्पादों में शुगर नहीं थी।

**नेस्ले की सफाई-लोकल रूल्स का पालन करते हैं**

नेस्ले के प्रवक्ता ने कहा, बेबी फूड हाइली कंट्रोल्ड कैटेगरी में आते हैं। हम जहां भी काम करते हैं, वहां के स्थानीय कानून और अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन करते हैं। इसमें लेबलिंग और शक्कर समेत कार्बोहाइड्रेट की लिमिटेशन भी शामिल है। पिछले पांच सालों में हमने शिशु अनाज रेंज (दूध और अनाज बेस्ड सप्लीमेंट्री फूड्स) में शुगर को 30% तक कम कर चुके हैं।

# वोडाफोन आइडिया का एफपीओ ओपन हुआ 22 अप्रैल तक बोली लगा सकेंगे रिटेल निवेशक

**नई दिल्ली।** टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया का फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफर यानी एफपीओ ओपन हो गया है। इस इश्यू के जरिए कंपनी 18,000 करोड़ जुटाना चाहती है। रिटेल निवेशक इस एफपीओ के लिए 22 अप्रैल तक बोली लगा सकते हैं। 25 अप्रैल को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी के ये शेयर लिस्ट होंगे। इससे पहले वीआई ने 74 एंकर इन्वेस्टर्स से 5,400 करोड़ रुपए जुटाए हैं।




**मिनिमम और मैक्सिमम कितना पैसा लगा सकते हैं?**

इस एफपीओ के लिए रिटेल निवेशक मिनिमम एक लॉट यानी 1298 शेयर के लिए अप्लाई कर सकते हैं। कंपनी ने एफपीओ का प्राइज बैंड 10-?11 प्रति शेयर तय किया है। यदि आप एफपीओ के अपर प्राइज बैंड ?11 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं तो आपको 14,278 लगाने होंगे। रिटेल निवेशक अधिकतम 14 लॉट यानी 18172 शेयर के लिए बिडिंग कर सकते हैं, जिसके लिए ?199,892 इन्वेस्ट करने होंगे।

एफपीओ ओपन होने से पहले वीआई ने 74 एंकर इन्वेस्टर्स से 5,400 करोड़ रुपए जुटाए हैं। कंपनी ने बीएसई फाइलिंग में बीते दिन इस बात की जानकारी दी थी। वीआई ने इसके लिए 11 रुपए प्रति शेयर के हिसाब से 491 करोड़ शेयर्स एलॉकेट किए।

निवेशकों में सबसे ज्यादा 26 प्रतिशत शेयर जीक्यूजी पार्टनर्स को मिले हैं, [illegible] ने इसके लिए 1,345 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इसके अलावा फिडेलिटी इन्वेस्टमेंट्स ने 772 करोड़, ट्रू-कैपिटल और ऑस्ट्रेलियन सुपर ने ?331 करोड़ और ?130 करोड़ का इन्वेस्टमेंट किया है।

निवेशकों में द मास्टर ट्रस्ट बैंक ऑफ जापान, [illegible], मॉर्गन स्टेनली इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स, ऑस्ट्रेलियन सुपर, फिडेलिटी, क्वांट और मोतीलाल ओसवाल शामिल हैं।

# पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने मतदाताओं से शांतिपूर्ण तरीके से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू ने प्रदेश में शुक्रवार को लोकसभा चुनावों के प्रथम चरण में 12 निर्वाचन क्षेत्रों के सभी मतदाताओं से शांतिपूर्ण तरीके से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। डीजीपी साहू ने बताया कि राजस्थान पुलिस द्वारा प्रथम चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण, बीकानेर, श्रीगंगानगर, चूरू, नागौर, अलवर, झुंझुनू, सीकर, दौसा, भरतपुर और करौली-धौलपुर में भय-मुक्त वातावरण में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इन सभी निर्वाचन क्षेत्रों में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए राजस्थान पुलिस के जाप्ते साथ ही केन्द्रीय सशस्त्र सशस्त्र बलों की कम्पनियां और होमगार्ड्स के जवानों को तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में लोकसभा चुनावों के प्रथम एवं द्वितीय चरण के लिए राजस्थान पुलिस के अधिकारी और जवानों (प्रथम चरण करीब 75,000 एवं द्वितीय चरण में करीब 85,000) के साथ ही केन्द्रीय सशस्त्र बल और विशेष सशस्त्र बल की 175 कम्पनियों, राजस्थान शहरी- ग्रामीण होमगार्ड के 18 हजार 400 तथा बोर्डर होमगार्ड के 1600 जवानों को तैनात किया गया है। साहू ने कहा कि इन 12 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में सभी मतदाता बिना किसी दबाव या प्रलोभन के निर्भय होकर जिम्मेदार नागरिक के रूप में लोकतंत्र के पर्व में अपनी भूमिका सजगता से निभाएं। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के 12 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 14 पुलिस जिलों के तहत 23 हजार 651 मतदान केन्द्र और 719 सहायक मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इन मतदान केन्द्रों में से क्रिटीकल और कानून एवं व्यवस्था की दृष्टि से संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मियों, होमगार्ड्स, आरएसी तथा केन्द्रीय सशस्त्र बलों के जवानों को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित नॉर्म के अनुसार तैनात किया गया है। डीजीपी ने बताया कि इन लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के प्रत्येक मतदान केन्द्र पर एक पुलिसकर्मी को नियोजित किया गया है, जो मतदाताओं की कतार बनवाने, अनुमत पहचान पत्र की प्राथमिक जांच के बाद मतदाता को मतदान केन्द्र में प्रवेश देने, मतदान केन्द्र पर कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने और चुनाव प्रक्रिया के दौरान ईवीएम को सुरक्षा प्रदान करेंगे। मतदाताओं की भीड़ नियंत्रण के लिए 2 या 3 मतदान केन्द्रों वाले पोलिंग स्टेशन लोकेशन (पीएसएल) पर एक अतिरिक्त होमगार्ड तथा 4 या अधिक मतदान केन्द्रों वाले पीएसएल पर दो अतिरिक्त होमगार्ड्स लगाए गए है। वहीं सहायक मतदान केन्द्रों पर एक-एक होमगार्ड लगाया गया है। उन्होंने बताया कि क्रिटीकल मतदान केन्द्रों के अतिरिक्त प्रत्येक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में स्थानीय कानून व्यवस्था की स्थिति के आंकलन के आधार पर संवेदनशील मतदान केन्द्रों की नई श्रेणी %लॉ एंड आर्डर% संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर भी 1-2 आरएसी के जवान या सशस्त्र पुलिस बल को तैनात किया गया है। साहू ने बताया कि इसके अतिरिक्त सामान्यतः 10 मतदान केन्द्रों पर पुलिस मोबाईल पार्टी के तहत सैक्टर पुलिस आफिसर्स तैनात किए गए है, इनके साथ पुलिस एवं होमगार्ड का जाप्ता लगाया गया है, वहीं सैक्टर मजिस्ट्रेट को भी एक-एक होमगार्ड उपलब्ध कराया गया है। इसके साथ ही फ्लाईंग स्क्वाड टीमों और स्टैटिक सर्विलांस टीमों (एफएसटी एवं एसएसटी) को भी पुलिस जाप्ता दिया गया है। जिला पुलिस अधीक्षकों को त्वरित कार्यवाही दल (क्यूआरटी),स्ट्राइक फोर्स एवं क्रिटीकल कलस्टर मोबाईल टीमों को रणनीतिक रूप से नियोजित कर क्षेत्र में निरंतर भ्रमण करते हुए सघन पर्यवेक्षण के लिए पाबंद किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में स्थित विधानसभा क्षेत्रों में डीएसपी या सीआई रैंक के पुलिस अधिकारियों को पुलिस पर्यवेक्षण अधिकारी नियुक्त करते हुए उन्हें भी पुलिसकर्मी व होमगार्ड (कुल 05 कर्मी ) व 1 सैक्शन आरएसी का जाप्ता दिया गया है। वहीं लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में स्थित सभी विधानसभा क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों को मय पुलिसकर्मी व होमगार्ड (कुल 05 कर्मी) जाप्ता व रिजर्व जाप्ता के विधानसभा पर्यवेक्षक अधिकारी का जिम्मा भी सौंपा गया है। इन सभी पुलिस अधिकारियों को परस्पर सतत समन्वय से शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। डीजीपी ने बताया कि प्रदेश में लोकसभा चुनावों के मद्देनजर सीमावर्ती राज्यों पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं गुजरात राज्य से लगने वाली राजस्थान की सीमाओं पर सीलिंग कर 225 चौक पोस्ट स्थापित की गई है। इन पर निरंतर चैकिंग हो रही है। इन समस्त चैक पोस्ट पर 5 पुलिसकर्मी एवं 5 होम गार्ड्स का जाप्ता नियोजित कर सीसीटीवी कैमरों और वीडियोग्राफी के जरिए राउंड द क्लॉक मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि 19 अप्रैल को होने वाले प्रथम चरण के मतदान की समाप्ति के समय से पूर्व के 48 घंटे का साइलेंस पीरियड, जो बुधवार शाम से आरम्भ हो गया है, में निर्वाचन क्षेत्रों में शुचिता सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र के मतदाताओं के अतिरिक्त बाहरी व्यक्ति जो बिना किसी वैध कारण के क्षेत्र है, उनका प्रवेश निषेध किया गया है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन से सम्बंधित अन्य महत्वपूर्ण कार्यों में भी पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है। मतदान के बाद ईवीएम संग्रहण, ईवीएम की सुरक्षा एवं मतगणना केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, संग्रहण एवं मतगणना के दिन यातायात एवं कानून व्यवस्था, वायरलैस संचार व्यवस्था एवं परिवहन सम्बंधी जरूरतों जैसे सभी महत्वपूर्ण टास्क के लिए जिला पुलिस को माकूल प्रबंध करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं किसी भी स्थान पर आकस्मिक स्थिति में पुलिस जिलों में रिजर्व पुलिस टीमें भी अलर्ट पर है।



# लोकसभा चुनाव-2024 : जयपुर के 18 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान आज

## अंतिम प्रशिक्षण के बाद मतदान दल हुए रवाना

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस


**जयपुर।** लोकसभा चुनाव के तहत जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 19 अप्रैल 2024 को मतदान होगा। जयपुर, जयपुर ग्रामीण के साथ-साथ दौसा लोकसभा क्षेत्र में समाहित चाकसू एवं बस्सी, सीकर लोकसभा क्षेत्र में समाहित चौमूं विधानसभा क्षेत्र में भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस प्रकार जयपुर जिले के 18 विधानसभा क्षेत्रों में शुक्रवार को 49 लाख 41 हजार 526 से ज्यादा मतदाता लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी निभाएंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि लोकसभा चुनाव-2024 के तहत जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 19 अप्रैल को 21 लाख 84 हजार 978 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिनमें 11 लाख 45 हजार 437 पुरुष एवं 10 लाख 39 हजार 533 महिला मतदाताओं के साथ-साथ 8 थर्ड जेंडर मतदाता भी शामिल हैं। जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में आगामी 19 अप्रैल को 22 लाख 87 हजार 350 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिनमें 11 लाख 90 हजार 851 पुरुष एवं 10 लाख 96 हजार 417 महिला मतदाताओं के साथ-साथ 82 थर्ड जेंडर मतदाता भी शामिल हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने जिले के सभी मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान की अपील की है। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ एवं मजबूत लोकतंत्र के लिए प्रत्येक मतदाता की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी मतदाता 19 अप्रैल 2024 को सुबह 7 बजे से सायं 6 बजे तक अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। वहीं, गुरुवार को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त चुनाव पर्यवेक्षकों, जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रकाश राजपुरोहित एवं विभिन्न समन्वयक अधिकारियों की उपस्थिति में मतदान कर्मियों की रवानगी का कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्वयं मतदान रवानगी स्थलों पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। राजपुरोहित ने लोकसभा चुनाव में नियोजित कार्मिकों को चुनाव कार्य संपूर्ण सतर्कता एवं जिम्मेदारी से कार्य संपादन के निर्देश दिये। वहीं, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रथम) सुरेश कुमार नवल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक, अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) शैफाली कुशवाह ने भी मतदानकर्मियों से संबंधित व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित 8 विधानसभा क्षेत्रों में 2 हजार 85 एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित 8 विधानसभा क्षेत्रों में 2 हजार 128 मतदान दल चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाएंगे। लोकसभा चुनाव के तहत जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव के लिए सीकर रोड़ स्थित भवानी निकेतन छात्र कॉलेज, जमवारामगढ़ रोड स्थित जामिया-तुल-हिदाया विश्वविद्यालय एवं जेएलएन मार्ग स्थित राजस्थान कॉलेज से गुरुवार को दो पारियों में कुल 4 हजार 213 मतदान दलों की रवानगी हुई। जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित हवामहल विधानसभा क्षेत्र में 240, विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में 326, सिविल लाइन्स विधानसभा क्षेत्र में 221, किशनपोल विधानसभा क्षेत्र में 170, आदर्श नगर विधानभा क्षेत्र में 249, मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में 187, सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में 341 एवं बगरू विधानसभा क्षेत्र में 351 मतदान दल मतदान प्रक्रिया संपन्न करवाएंगे। जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र में 226, विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में 226, शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में 216, फुलेरा विधानसभा क्षेत्र में 257, झोटवाड़ा विधानभा क्षेत्र में 435, आमेर विधानसभा क्षेत्र में 280, जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 239 एवं बानसूर विधानसभा क्षेत्र में 249 मतदान दल मतदान प्रक्रिया संपन्न करवाएंगे।

सीकर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित चौमूं विधानसभा क्षेत्र में 233, दौसा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित बस्सी विधानसभा क्षेत्र में 252 एवं चाकसू विधानसभा क्षेत्र में 241 मतदान दल मतदान प्रक्रिया संपन्न करवाएंगे। लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान लक्ष्य हासिल करने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय जयपुर द्वारा नित नए नवाचार किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करे के लिए नगर निगम हैरिटेज एवं नगर निगम जयपुर ग्रेटर में स्थित सभी विधानसभा क्षेत्रों के समस्त 2 हजार 166 बूथों पर मतदान दिवस पर पहले मतदान करने वाले 50 मतदाताओं को स्क्रेच कार्ड दिया जाएगा। कार्ड को स्क्रैच करने पर कार्ड पर अंकित पुरस्कार प्रदान कर मतदाताओं को सम्मानित किया जाएगा। इस तरह निगम क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर पहले मतदान करने वाले 1 लाख 8 हजार 300 मतदाताओं को स्क्रैच करने पर कार्ड पर अंकित पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

# महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने किया सीडीटीआई जयपुर का निरीक्षण

## संपर्क सभा आयोजित कर कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के दिए निर्देश

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** भारत सरकार में केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के नव नियुक्त महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने गुरुवार को केन्द्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान, जयपुर का दौरा कर सीडीटीआई, जयपुर में व्याख्यान के लिए आने वाली प्रमुख गेस्ट फैकल्टी को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। केंद्रीय गुप्त प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक डॉ अमनदीप सिंह कपूर ने बताया कि प्रारंभ में इस संस्थान में आगमन पर सर्वप्रथम महानिदेशक को डबल गार्ड द्वारा सलामी दी गई। इसके उपरांत उन्होंने सीडीटीआई जयपुर कैंपस का भ्रमण किया। अंत में महानिदेशक द्वारा सीडीटीआई जयपुर के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ एक संपर्क सभा आयोजित की गई, जिसमें सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को एकजुट होकर कार्य करने का सुझाव देते हुए उनकी समस्याओं के बारे में भी पूछा तथा उनके निराकरण के निर्देश दिए गए।



# मां ने दो बच्चों के साथ खाया विषाक्त, तीनों की मौत

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बांसवाड़ा।** कलिंजरा थाना क्षेत्र के नागावाड़ा में एक मां ने दो बच्चों के साथ विषाक्त सेवन कर लिया। इससे तीनों की मौत हो गई। विषाक्त सेवन के कारण का फिलहाल पता नहीं लगा है। मृतका का पति और देवर कुवैत में रोगजार के लिए गए हैं। पुलिस ने नागवाड़ा गांव निवासी मृतक काजल (35) पत्नी नरेश पटेल एवं 9 वर्षीय पुत्र हार्दिक एवं 10 वर्षीय पुत्री तमन्ना के शव एमजी चिकित्सालय के मोर्चरी में रखवाए हैं। पीहर पक्ष के अहमदाबाद से आने के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। बैंसला निवासी लालेंग ने बताया कि ग्रामीणों के अनुसार गुरुवार सुबह करीब 5:30 बजे नरेश की बेटी तमन्ना के चिल्लाने व रोने की आवाज आई। इस पर आस-पास के ग्रामीण एकत्र होकर उनके घर पहुंचे। तब तमन्ना बेसुध-सी थी और मृत पड़ी मां और भाई के शव की ओर ईशारा किया। इसे देख ग्रामीणों घबरा गए। इसी दौरान तमन्ना भी बेहोश हो गई। ग्रामीण निजी वाहन से तमन्ना को बागीदौरा चिकित्सालय ले गए। यहां गंभीर हालत पर उसे एमजी चिकित्सालय रेफर किया गया। रास्ते में ही तमन्ना की भी मौत हो गई। इसके बाद तीनों के शव महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए गए। ग्रामीणों ने बताया कि नरेश बीते 14 साल से कुवैत में रोजगार कर रहा है। कुछ साल पहले अपने भाई को भी ले गया।

ऐसे में घर में विधवा मां रहती है। जबकि, दूसरे घर में नरेश की पत्नी और दोनों बच्चे रहते हैं। महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी के बाहर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि मृतका का पीहर अहमदाबाद में है। समाचार लिखे जाने तक थाना पुलिस को जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने ही उनसे बात की है। उनके आने पर ही मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।



# स्टूडेंट्स ने नुक्कड़ नाटक के जरिये लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** रोटरी क्लब जयपुर के द्वारा प्रायोजित इंटरेक्ट क्लब माहेश्वरी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चौड़ा रास्ता की इन्ट्रैक्टर्स छात्राओं के द्वारा लोकसभा चुनाव में मतदान लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। राजस्थान द्वारा चलाए जा रहे मतदान जागरूकता अभियान के तहत, जागरूकता लाने के लिए गुरुवार को शहर के मुख्य मार्ग चौड़ा रास्ता में मानव श्रृंखला बनाकर अल्बर्ट हॉल तक रैली निकाली।

इस दौरान स्टूडेंट्स ने नुक्कड़ नाटक के द्वारा नागरिकों से मतदान की अपील की। इस अवसर पर बालिकाओं ने विभिन्न पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से आम नागरिकों को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए भी प्रेरित किया। रोटरी क्लब जयपुर के सचिव रो. पीयूष जैन ने माहेश्वरी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के अध्यापकों एवं छात्राओं को समाज हित के कार्यों मे सहयोग करने के लिए भरपूर प्रशंसा की।

# जयपुर वैक्स म्यूजियम में लगा कोहली का स्टेच्यू

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** ऐतिहासिक नाहरगढ़ किले में बने जयपुर वैक्स म्यूजियम में गुरुवार को विराट कोहली की सबसे ज्यादा चर्चा रही। वर्ल्ड हेरिटेज डे के मौके पर रन मशीन विराट का वैक्स स्टैच्यू म्यूजियम में डिस्प्ले किया गया। सचिन तेंदुलकर और एमएस धोनी के बाद कोहली ऐसे तीसरे क्रिकेटर है, जिसका स्टैच्यू म्यूजियम में डिस्प्ले किया गया है। विराट के स्टेच्यू को देखने के लिए सुबह से पर्यटकों का जमावड़ा लगा रहा। हर कोई अपने पसंदीदा क्रिकेटर के साथ फोटो क्लिक करवाता नजर आया। म्यूजियम के फाउंडर डायरेक्टर अनूप श्रीवास्तव ने बताया कि इन दिनों आईपीएल के मैदान में विराट का बल्ला मशीन की तरह रन बना रहा है। वहीं संपूर्ण देश में उनके फेंस की संख्या भी दिनों दिन बढ़ती जा रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए विराट कोहली का वैक्स स्टैच्यू म्यूजियम में डिस्प्ले किया गया है।

इसे देखने के लिए सुबह से म्यूजियम में कतार लगी हुई थी। हमने भी फैंस को ही पुतले के अनावरण का मौका प्रदान किया। कोहली फैंस पुतले को कंधे पर उठाकर म्यूजियम में बने क्रिकेट पिच के सेट तक लाए और भारी शोर शराबे के बीच सेट पर स्थापित किया। लगभग दो महीने में बने विराट के पुतले का वजन 35 किलोग्राम है, जबकि हाइट 5 फिट 9 इंच है। जयपुर वैक्स म्यूजियम विश्व का पहला ऐसा मोम के पुतलों का संग्रहालय है, जो लगभग 300 वर्ष पुरानी हेरिटेज साइट नाहरगढ़ किले में बना हुआ है, यहां कुल मिलाकर 44 वैक्स के पुतले स्थापित हैं।



# विश्व धरोहर दिवस : अल्बर्ट हॉल रामनिवास बाग में अभियान चलाकर की गई सफाई

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** विश्व धरोहर दिवस पर नगर निगम ग्रेटर द्वारा अल्बर्ट हॉल रामनिवास बाग पर सफाई अभियान चलाकर श्रमदान एवं रंगोली की गई। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने माहेश्वरी गर्ल्स सीनियर सैकण्डरी स्कूल की छात्राओं को धरोहरों, विरासत को संरक्षित करने एवं स्वच्छ रखने की शपथ दिलवाई। इस मौके पर उपायुक्त स्वास्थ्य नवीन भारद्वाज, उपायुक्त मालवीय नगर अर्शदीप बराड़ सहित नगर निगम ग्रेटर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम ने श्रमदान के तहत अल्बर्ट हॉल रामनिवास बाग के सामने कचरा डस्टबिन में डाला तथा आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की इसके साथ ही वहां के स्ट्रीट वेन्डर्स से आस-पास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने की अपील की।

आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने कहा कि जयपुर शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के लिए आमजन का सहयोग आवश्यक है। इसलिए आमजन स्वच्छता की जिम्मेदारी समझे तथा उसे एक जिम्मेदार नागरिक की तरह निभायें। इस मौके पर अल्बर्ट हॉल के सामने रंगोली भी बनाई गई। उपायुक्त स्वास्थ्य नवीन भारद्वाज ने अपील की कि स्मारकों, धरोहरों को गंदा ना करें स्ट्रीट वेन्डर्स मान्यूमेन्टस पर गंदगी ना फैलाएं। नीले व हरे डस्टबिन अवश्यक रूप से रखें तथा गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखें।

# जयपुर के बिजनेसमैन से 50 लाख रुपये की मांग कर दी धमकी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** जयपुर के बिजनेसमैन से 50 लाख रुपए मांगने का मामला सामने आया है। वॉट्सएेप कॉल कर जान से मारने की धमकी दी। बदमाश बोला- तेरी सिक्योरिटी की तैयारी कर ले, मेरे पास काफी शूटर हैं। धमकी मिलने के बाद पीड़ित बिजनेसमैन ने मानसरोवर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच एसएचओ (मानसरोवर) राजेन्द्र गोदारा कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि महेश नगर निवासी 38 साल बिजनेसमैन ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। 14 मार्च की शाम वह मानसरोवर स्थित अपने ऑफिस पर बैठे थे। शाम करीब 5:15 बजे उनके मोबाइल पर इंटरनेशनल नंबर से वॉट्सएेप कॉल आया। पहली बार तो कॉल उठाकर बात करने से मना कर दिया। कुछ ही देर बाद उसी मोबाइल नंबर से मैसेज भेजकर बिजनेसमैन और उसके परिवार के बारे में बताया। वॉट्सएेप कॉल कर बदमाश ने खुद को विदेश में बैठा होना बताया। उसे और परिवार को मारने की धमकी देकर 50 लाख रुपए की रंगदारी मांगी। धमकाया- 50 लाख रुपए देगा या अपनी जान देगा। तू अब तेरी सिक्योरिटी की तैयारी कर ले। मेरे पास काफी शूटर हैं। धमकी भरे वॉट्सएेप कॉल-मैसेज मिलने के बाद बिजनेसमैन ने मानसरोवर थाने में एफआईआर दर्ज करवाई। पुलिस रंगदारी के धमकी भरे कॉल-मैसेज करने वाले बदमाश की तलाश में जुट गई है। एसएचओ (मानसरोवर) राजेन्द्र गोदारा का कहना है- पीड़ित की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मोबाइल नंबर के आधार पर धमकी देने वाले की तलाश की जा रही है।


## उत्तर मध्य रेलवे

G20

### ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये **मण्डल रेल प्रबंधक/कार्य/झाँसी** निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

| ई-निविदा सूचना संख्या | अनुमानित लागत | अमानत राशि |
|---|---|---|
| झाँसी-इन्जी.-एन-2024-63 | ₹ 17191978.53 | ₹ 236000.00 |

**कार्य का नामः** ग्वालियर-धौलपुर-रिप्लेसमेंट ऑफ़ चैनल स्लीपर्स बाय एच-बीम स्लीपर (502 नंबर)।

**निविदा बन्द होने की तिथिः** 15.05.2024 at 15.00 hrs., **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 09 माह। • निविदा दिनांक 15.05.2024 को 15.00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 682/24 FA

North central railways @CPRONCR @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in


# दृढ़ संकल्प से खुलती हैं राह



एसकेमंगल

आशावादी और निराशावादियों का बुरी घटनाओं या विषम परिस्थितियों से लगभग बराबरी का सामना होता है। फर्क सिर्फ इतना होता है कि आशावादी अपनी पीड़ा की अस्थायी और विशिष्ट वजहों को खोजते हैं। दूसरी ओर, निराशावादी इसका ठीकरा स्थायी और व्यापक वजहों के सिर फोड़ देते हैं। कल्पना कीजिए, आप वे तमाम काम नहीं कर पा रहे, जिनकी आपसे अपेक्षा है। अगर आप निराशावादी हैं, तो कह सकते हैं कि मैं नाकाम इंसान हूं। छोटी-मोटी मुश्किलों में भी हार मान लेने को, उचित ठहराने का प्रयास करते हैं। दूसरी ओर, यदि आप आशावादी हैं, तो कह सकते हैं कि मैंने समय का सही प्रबंधन नहीं किया या ध्यान बंटने के कारण दक्षता के साथ काम नहीं किया। आशावादियों का लचीलापन समस्या से निपटने के लिए प्रेरित करता है। आशा वादियों का प्रदर्शन अच्छा होता है, जिनका मानसिक स्वास्थ्य से कोई सीधा संबंध नहीं होता। उन क्षेत्रों में भी आशावादी निराशा वादियों से ज्यादा जीते हैं। आशावादी अपने विवाह से ज्यादा संतुष्ट होते हैं। इनके नौकरियों में बने रहने की संभावना दोगुनी होती है। अपने निराशावादी साथियों की तुलना में काम में सफलता भी ज्यादा हासिल करते हैं। दृढ़ संकल्प वाले व्यक्ति घटना का वर्णन सकारात्मक ढंग से करते हैं।इसलिए किसी विषय में निराशाजनक रूप से नहीं सोचना चाहिए। आशावादो शिक्षक असहयोगी विद्यार्थी की मदद का भी रास्ता तलाशते हैं। जबकि निराशावादी शिक्षक मान बैठते हैं कि इसका कुछ नहीं किया जा सकता। सकारात्मक शिक्षक ज्यादा खुश और दृढ़ संकल्पी होते हैं। हर उम्र के व्यक्ति के दिलोदिमाग में दुनिया के कामकाज के तौर-तरीकों को लेकर उनका अपना एक निजी सिद्धांत होता है। खेलों की दुनिया में कहा जाता है कि अपनी ताकत को दौड़ाओ और कमजोरियों को सुधारो। लोग यह भी पहचानें कि अभ्यास के साथ कौशल में सुधार होता जाता है। हालांकि हम इंसान हैं। इसलिए न चाहते हुए भी अक्सर हताश हो जाते हैं। लेकिन दृढ़ संकल्प अपनाने से लोग कामकाज में बेहतर होते जाते हैं।

# एलन के स्थापना दिवस पर पदयात्रा व मेगा हेल्थ चेकअप कैंप आयोजित





## 251 दीपों से हुई गोदावरी धाम में महाआरती

## चिकित्सा शिविर में 1210 लोग लाभान्वित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटा।** एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट का 36वा स्थापना दिवस गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। स्थापना दिवस पर एलन परिवार द्वारा प्रातःकाल में जवाहर नगर स्थित एलन सत्यार्थ कैम्पस से गोदावरी धाम मंदिर तक पदयात्रा निकाली गई। इसके बाद दोपहर में मल्टी स्पेशलिटी हेल्थ चेकअप कैम्प आयोजित किया गया। पदयात्रा जवाहर नगर से रवाना होकर दादाबाड़ी में धोकड़े के बालाजी से बड़े व छोटे चौराहे होती हुई गोदावरी धाम पहुंची। सुबह 6 बजे रवाना हुई पदयात्रा में करीब दो हजार से अधिक एलन परिवार के सदस्य शामिल हुए। इसमें फैकल्टीज व अन्य स्टाफ मेंबर शामिल रहे। एलन के निदेशक डॉ.गोविंद माहेश्वरी, राजेश माहेश्वरी, नवीन माहेश्वरी एवं बृजेश माहेश्वरी ने भक्ति भजनों के माध्यम से पदयात्रा का संचालन किया। मार्ग में शहर के विभिन्न समाजों एवं हॉस्टल एसोसिएशन की ओर से यात्रा का स्वागत किया गया। गोदावरी धाम पहुंचने के बाद हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ हुआ। इसके बाद 251 दीपकों से भगवान की महाआरती हुई एवं प्रसाद वितरण किया गया। गोदावरी धाम महासंस्थानम् की ओर से एलन के निदेशकों को आशीर्वाद स्वरूप उपरणा ओढ़ाया गया।

### इन चिकत्सकों ने दी सेवाएं

एलन के स्थापना दिवस के मौके पर ऑल स्टूडेंट्स वेलफेयर सोसायटी (एएसडब्ल्यूएस) की ओर से इंद्रा विहार स्थित एलन समर्थ कैम्पस के सद्भाव परिसर में निःशुल्क मेगा हेल्थ चैकअप कैम्प आयोजित किया गया। जिसमें एक दर्जन से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सेवाएं दी। एएसडब्ल्यूएस के अध्यक्ष मुकेश सारस्वत ने बताया कि कैम्प में 1210 लोगों ने चिकित्सकों की सेवाओं का लाभ लिया। विद्यार्थियों व अभिभावकों के साथ एलन की फैकल्टीज, एलन स्टाफ व हॉस्टलों में कार्यरत कर्मचारी भी शामिल थे। कैम्प में अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. आरपी मीणा, यूरोलॉजिस्ट डॉ. निलेश जैन, फिजिशियन डॉ. मनोज सलूजा, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. राजकुमार जैन, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. देवेन्द्र यादव, न्यूरो सर्जन डॉ. एसएन गौतम, न्यूरो फिजिशियन डॉ. दिलीप माहेश्वरी, नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ विकास खंडेलिया, श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ. विनोद जांगिड़, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेश पाण्डेय, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. बीएल पाटीदार, पैथेलॉजिस्ट डॉ. राकेश सिंह, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. लावण्य भटनागर, स्त्री रोग विशेषज्ञ, मेंटल हेल्थ प्रोफेशनल डॉ. अखिल अग्रवाल एवं सर्जन डॉ. अतुल शर्मा ने सेवाएं दी।

# कालबेलिया बस्ती में शत् प्रतिशत मतदान के लिए किया प्रेरित



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बून्दी।** संसदीय क्षेत्र भीलवाड़ा के हिण्डौली विधानसभा क्षेत्र के कालबेलिया बस्ती में सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं समर्पित सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (तहसीलदार) नैनवां के निर्देशानुसार स्वीप टीम प्रभारी शिक्षक किशनलाल कहार व व्याख्याता रामलक्ष्मण मीणा ने जो बांटे दारू और नोट उनको कभी न देंगे वोट, भाया अमूल्य मतदान रै लोकसभा चुणाव में मतदान करणों रें जैसे स्लोगनों के माध्यम से मतदान के महत्व को समझाते हुए कालबेलिया बस्ती में शत् प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर 26 अप्रैल को धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा को भुलाकर बिना किसी प्रलोभन में आये निर्भीक होकर स्वतंत्रत रूप से मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर कन्हैयालाल कालबेलिया, जगदीश कालबेलिया, सोजी, जगदीश, सीताराम जोगी, हीरालाल कालबेलिया, जमना बाई, मोडी बाई, रोशन बाई आदि मौजूद रहे।

# मंशापूर्ण माता मंदिर पर देर रात तक चला भण्डारा



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटा।** रामनवमी के पावन अवसर पर महावीर नगर विस्तार योजना स्थित मंशापूर्ण माता मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाआरती व भंडारे का आयोजन किया गया जो की देर रात तक चला। इस अवसर पर मंदिर समिति अध्यक्ष विशेष त्यागी ने बताया की कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महिला कांग्रेस कोटा शहर जिलाध्यक्ष व पार्षद शालिनी गौतम व विशिष्ट अतिथि समाजसेवी मोहित गौतम रहे।
कार्यक्रम के शुभारंभ में सर्वप्रथम कन्याओं को भोजन कराकर गिफ्ट वितरित किए। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर माताजी का विशेष श्रृंगार भी किया गया। त्यागी ने बताया की रामनवमी के शुभ अवसर पर पिछले कई वर्षो से मंशापूर्ण माताजी मंदिर पर महाआरती व विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आस पास के क्षेत्रों से श्रद्धालु बढ़ चढ़कर भाग लेते है। कार्यक्रम रात्रि 12:30 बजे तक चला व भंडारे में लगभग 8 हजार श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। मंदिर समिति के सदस्य सांवरमल शर्मा, सुमित शर्मा, रामस्वरूप राठौर, रमेश यादव,मोरपाल मीना, ललित महावर, राजेश गुप्ता, सुनील सोनी, जीतू आदि का विशेष सहयोग रहा।

# सिंधी समाज के आक्रोश से घबराई राजस्थान सरकार बूंदी में सिंधी समाज का बीजेपी से मोह भंग - प्रेम प्रकाश

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

आज दिनांक 18/4/23 को विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी अपने राजनैतिक मंसूबे को लेकर बूंदी आए क्योंकि राजस्थान में सिंधी समाज में रोष व्याप्त है राजस्थान के अधिकांश शहरो में सिंधी समाज ने मोहनलाल सिंधी को जब तक न्याय नहीं मिलता वोटिंग का बहिष्कार या बीजेपी को वोट नहीं करने के निर्णय लिए है क्योंकि आज तक मोहनलाल सिंधी के परिवार को न्याय नहीं मिला है ना ही आरोपी के माता पिता और बहन साक्ष्य मिटाने में शामिल थे एफआईआर में उनका नाम नही लिखा गया है और प्रशासन आरोपी के परिवार को बचाने का प्रयास कर रहा हे। वहा का क्षेत्रीय बीजेपी विधायक, सांसद मोहनलाल के परिवार से मिलने अभी तक नहीं पहुंचे जबकि वो क्षेत्र मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र में आता है। लेकिन सिंधी समाज को अभी तक न्याय नहीं मिला इसलिए सरकार ने डैमेज कंट्रोल करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को बूंदी भेजा जबकि राजस्थान के कई सिंधी समाज के पंचायत और संघटन वोटिंग का बहिष्कार ओर बीजेपी को वोट नहीं करने का निर्णय ले चुके है।

सिंधी समाज सरकार को अपनी एकता और ताकत का आभास करवाएगा जब तक न्याय नहीं मिलेगा अगर वासुदेव देवनानी को अपने समाज से इतना ही प्रेम था तो समाज के मंदिर आना चाहिए बीजेपी के पदाधिकारी सत्ता के मद और अहंकार में डूब गए है एवम् पांच सितारा होटल में ही इनको मिलना रास आता है। प्रेम प्रकाश एवरग्रीन वार्ड पार्षद नगर परिषद बूंदी ने कहा कि अब सिंधी समाज का बीजेपी से मोह भंग हों गया है क्योंकि बीजेपी झूठे वादे ही करना जानती है।

# जरा इनका भी रखे ध्यान.. क्योंकि इनमें भी है जान, अग्रवाल फेंड्स क्लब ने बांधे परिण्ड



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटा।** अग्रवाल फ्रेंड्स क्लब की ओर से गुरुवार को रीको पार्क गोबरिया बावड़ी में 21 परिंडे बांधे। क्लब की ओर से समाज सेवा में अग्रसर होते हुए गर्मी में पक्षियों के परिण्डे बांधो अभियान की शुरुआत की। संस्था की अध्यक्ष गौरव बंसल व सचिव मयंक मित्तल ने बताया कि इसमें रोजाना पानी भरने व दाना डालने की जिम्मेदारी वार्डन व सुबह वाक पर आने वाले लोगो ने ली है। पक्षियों के लिए दाना भी डाला गया। इस अवसर पर मयंक मित्तल, जितेंद्र गोयल, शैलेश अग्रवाल, मनीष गोयल, प्रमोद अग्रवाल, विकास मित्तल, पंकज जैन, रामेश्वर मंगल, किरण गोयल, सीमा बंसल, सुनीता जैन, सीमा मित्तल, दीपा जैन, मंजू मित्तल, श्रेया गुप्ता उपस्थित थे।

# इतना बड़ा पद मिला लेकिन इच्छा शक्ति रही शून्य- धारीवाल, संवाद कार्यक्रम में उड़ाये हवाई जहाज

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस




**कोटा।** मैं अब तक नौ चुनाव लड़ चुका ऐसा पहली बार देख रहा हूं की कोई प्रत्याशी जनता के बीच पहुंचकर यह बताने की स्थिति में नहीं है कि उसने जनता के लिए क्या काम किया है और अब आगे क्या करने वाले हैं पूर्व मंत्री कोटा उत्तर से विधायक शांति धारीवाल ने स्टेशन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के संवाद कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला पर निशान साधते हुए कहा कि ओम बिरला यह बताएं कि 10 साल में उन्होंने क्या काम किए हैं जो जनता उनको वोट दे। धारीवाल ने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि कोटा बूंदी की जनता ने भाजपा प्रत्याशी को जिताकर भेजा और वह इतने बड़े पद पर भी स्थापित हुए लेकिन उनकी कोटा बूंदी की प्रति इच्छा शक्ति शून्य रही इसी का नतीजा है कि आज जनता उनसे हिसाब मांग रही है और वह मोदी मोदी कर रहे हैं। शांति धारीवाल ने कोटा में एयरपोर्ट के मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि हमारी सरकार ने जमीन दी पैसा भी जमा करवाया लेकिन केंद्र सरकार ने आज तक कोटा में एयरपोर्ट के लिए कितना बजट पास किया है इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी ना ही सांसद ने दी यही नहीं धारीवाल ने कहा कि सांसद ने जो विकास कार्य बता रहे हैं उनमें से भी ज्यादातर कार्य निर्माणधीन है यानी 10 साल में एक भी काम संसद नहीं करवा पाए। धारीवाल ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह घर-घर दस्तक देकर कांग्रेस प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल के पक्ष में मतदाताओं से मतदान की अपील करें और भारी मतों से कांग्रेस प्रत्याशी को जीत दिलाकर दिल्ली भेजें। संवाद कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने खिलौने के हवाई जहाज स्टेशन क्षेत्र के एक निजी रेस्टोरेंट परिसर में आयोजित कार्यकर्ताओं से संवाद कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कोटा में हवाई सेवा के मुद्दे को व्यंगात्मक विरोध जताते हुए परिसर में ही खिलौने के हवाई जहाज उड़ाए और भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की।

### 10 वार्डों के कार्यकर्ता पदाधिकारी रहे संवाद कार्यक्रम में मौजूद

स्टेशन सनफ्लावर रेस्टोरेंट परिसर में आयोजित हुए कांग्रेस कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में वार्ड वार्ड 11, 21, 22, 23, 24, 42, 44, 45, 61, 62 के कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## 11 के वी फीडर नंबर तीन पर आवश्यक रख रखाव हेतू नंबर तीन फीडर से संबंधित विधुत आपूर्ति रहेगी बाधित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी।** सहायक अभियंता जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड बूंदी ने बताया कि शनिवार 19/4/2024 को 11 केवी नंबर 3 फीडर पर आवश्यक का रखरखाव का कार्य होने के कारण 11 केवी फीडर नंबर 3, मिस्त्री मार्केट, मोरड़ी पाड़ा, बालचंद पाड़ा, सथूर गेट चुंगी नाका, सूरज जी का बड़, नाहर का छोटा, बटक भेरू पाड़ा, नाला का ढाबा, बोहरा मोहल्ला, तिलक चौक पुरानी कोतवाली ,शीतला गली,की सप्लाई की विद्युत आपूर्ति, 8:00 से 12:00 तक बाधित रहेगी।

# महाविद्यालय में पीठासीन अधिकारी से लेकर मतदान अधिकारी तृतीय तक को दिया प्रशिक्षण



## सभी मतदान अधिकारियों को बताएं कर्तव्य व दायित्व

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी।** 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी को लेकर गुरुवार को बूंदी महाविद्यालय पीठासीन अधिकारी, प्रथम मतदान अधिकारी, द्वितीय व तृतीय मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। बूंदी महाविद्यालय के दो कक्षों में महिला पीठासीन अधिकारी, प्रथम मतदान, द्वितीय तृतीय मतदान अधिकारियों एवं अन्य कक्ष में पीठासीन व प्रथम मतदान अधिकारियों को चुनावी प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स ने सभी अधिकारियों के कर्तव्य व दायित्व बताएं एवं चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से हो सुनिश्चित करवाने पर जोर दिया। दूसरे चरण के प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स ने बताया कि पीठासीन अधिकारी टीम का मुख्य होगा। वह 200 मीटर परिधि पर किसी प्रकार की राजनीतिक गतिविधियां नहीं हो। उस पर पूरी निगरानी रखेगा। प्रथम मतदान अधिकारी मतदाता को चिन्हित कर मतदाता सूची में इंद्राज करेगा। मतदान अधिकारी द्वितीय का कार्य बायीं हाथ की तर्जनी पर अमिट स्याही लगाएगा। सके बाद मतदाता को मतदान के लिए मतदाता पर्ची जारी कर रजिस्टर में अंकन करेगा। वही मतदान अधिकारी तृतीय को प्रशिक्षण में बताया गया मतदाता की बायीं तर्जनी पर लगी स्याही का निरीक्षण करेगा। मतदाता से पर्ची लेगा। वह बैलेट जारी कर मतदाता को मतदान कंपार्टमेंट में भिजवाएगा। इसके अलावा चुनाव में आने वाली विभिन्न प्रकार के मामले और उनके समाधान पर भी विस्तार से बताया। प्रशिक्षण देने वालों में चंद्र प्रकाश राठौड़, कौशल कुमार जैन, नवनीत जैन, सेवक सिंह ,संजय गुप्ता सहित मास्टर ट्रेनर मौजूद रहे।

# मतदाता जागरुकता कार्यक्रम हुआ




हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटा।** स्वीप गतिविधियां के तहत गुरुवार को स्काउट गाइड कब बुलबुल की ओर से प्रधानाचार्य ममता चौधरी के मार्गदर्शन में मतदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को स्काउट प्रभारी प्रकाश जायसवाल ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए शत प्रतिशत मतदान जरूरी है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले 18 वर्ष की आयु पार कर चुके सभी मतदाताओं को अपना नाम सूची में देख लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस भी त्यौहार की तरह ही मनाना चाहिए। इस अवसर पर मीनाक्षी महावर, प्रवीण शर्मा, डिंपल महावर प्रमुख रुप से मौजूद रहे।

# सबसे पहले मतदान करने वाले 50 मतदाताओं को मिलेंगे प्रमाण पत्र

## गत चुनावों में 60 प्रतिशत से कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों के मतदाताओं को मिलेंगे प्रमाण पत्र

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने की चुनाव तैयारियां की समीक्षा

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी।** लोकसभा आम चुनाव, 2024 के लिए की गई तैयारियों की गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय गोदारा ने समीक्षा कर संबंधित प्रभारी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अब तक लोकसभा आम चुनाव के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि जिले के ऐसे मतदान केन्द्र जहां गत चुनावों में मतदान का प्रतिशत 60 से कम रहा है, वहां सबसे पहले मतदान करने वाले 50 मतदाताओं को प्रमाण पत्र दिए जाएं। इसके अलावा 60 प्रतिशत से अधिक मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर सबसे पहले मतदान करने वाले 20 मतदाताओं को भी प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएं। उन्होंने बैलेट पेपर से किए जा रहे मतदान व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि चुनाव ड्यूटी में नियुक्त वाहन चालकों एवं अन्य कार्मिकों के बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान करवाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि होम वोटिंग सुविधा का द्वितीय चरण जल्द ही शुरू होने जा रहा है। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां रखी जावे और आयोग के निर्देशानुसार प्रथम चरण के अनुसार द्वितीय चरण में होम वोटिंग सुविधा से वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग मतदाताओं से मतदान करवाया जावे। मॉडल बूथ, पीडब्लूडी और यथू मतदान केन्द्रों पर मतदान की सभी व्यवस्थाएं आयोग के निर्देशानुसार सुव्यवस्थित रहे, इसकी सुनिश्चितता की जावे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि मतदान दिवस पर 50 प्रतिशत बूथों की वेबकास्टिंग करवाई जाएगी। इसके सभी इंतजाम रखें जावे। साथ ही जिन स्थानों पर वीडियोग्राफी करवाई जानी है, ऐसे बूथों पर लगाए जाने वाले वीडियोग्राफरों को प्रशिक्षण दिया जावे। उन्होंने निर्देश दिए कि सांख्यिकी सूचनाओं के संकलन के लिए प्रति विधानसभा क्षेत्र वार 6 काउंटर स्थापित किए जाएं। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, परिवहन व्यवस्था तथा विभिन्न प्रकोष्ठों द्वारा की गई तैयारियां की प्रकोष्ठवार समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। बैठक में उपजिला निर्वाचन अधिकारी घनश्याम शर्मा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी दुर्गाशंकर मीणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (सीलिंग) नवरत्न कोली, जिला रसद अधिकारी शिवजीराम जाट, जिला कोषाधिकारी अंजनी कुमार शर्मा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक रामराज मीणा, जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र कुमार व्यास, डीआईओ अनिल भाल सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रभारी अधिकारी मौजूद रहे।

# गांव गरीब की उन्नति से ही होगी देश की उन्नति : गुंजल




हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटा।** कोटा बूंदी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल ने गुरुवार को पीपल्दा विधानसभा क्षेत्र के बड़ोद, अयानी, नोनेरा, गैंता, बम्बूलिया, बंबुलिया, पीपल्दा, करवाड़, सहनावादा, दुर्जनपुरा, लक्ष्मीपुरा, लुवाहद सहित कई गांव में जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान गुंजल ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि कोटा बूंदी की जनता जब बिरला जी से उनके 10 सालों के कामों का हिसाब मांग रही है तो बिरला जी कह रहे हैं कि यह नाली पठान का चुनाव नहीं है, यह स्थानीय मुद्दों का चुनाव नहीं है यह देश की उन्नति का चुनाव है। तो मैं आज बिरला जी से कहना चाहता हूं की बिरला जी जब गांव, गरीब, जवान, किसान की उन्नति होगी तभी देश की उन्नति होगी। यदि यह देश का चुनाव है तो फिर 10 साल वोट मांगते समय आपने जनता से झूठे वादे क्यों किये। वोट मांगते समय आपने संपूर्ण संसदीय क्षेत्र में कहीं पुलियांए, कहीं सड़के, कहीं विद्युत व्यवस्था के लिए जीएसएस, और कहीं पीने का पानी उपलब्ध करवाना, कोटा में एयरपोर्ट बनवाने सरीके वादे क्यों किये, क्या उस समय आपको यह याद नहीं था की लोकसभा का चुनाव देश का चुनाव होता है। उन्होंने कहा कि दो बार, 10 साल मीठी गोली देने के बाद बिरला जी ने सोचा था की जनता तीसरी बार भी वोट दे देगी परंतु जब जनता ने बिरला जी के 10 साल के कामों की किताब जांचना शुरू कर दिया और किताब खाली मिली तो बिरला जी को एहसास हो गया इस बार जनता घर बैठाएंगे तैयारी कर चुकी है। तो बिरला जी रोज-रोज मोदी मंदिर के साथ देश के चुनाव की बात करने लग गए पर बिरला जी जनता आपको समझ चुकी है और वह अब मीठी गोली निगलने वाली नहीं है। जनसंपर्क के दौरान प्रहलाद गुंजल का ग्रामवासियों ने जोरदार स्वागत किया व कई गांवो में रैलियां निकालकर प्रहलाद गुंजल का साफा बांधकर, फूलमालाओं से लादकर स्वागत किया। इस दौरान पीपल्दा विधायक चेतन पटेल, पूर्व विधायक प्रेमचंद नागर, कोटा दक्षिण नगर निगम के उपमहापौर पवन मीणा, पीपल्दा विधानसभा प्रभारी संदीप पुरोहित, देहात अध्यक्ष सरोज मीणा, पूर्व देहात अध्यक्ष रुकमणी मीणा, जिला परिषद सदस्य निकिता हाड़ा एवं सभी ब्लॉक व मंडल अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक व कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# शहर के नैनवां रोड स्थित प्रोविजनल स्टोर में लगी आग, 30 लाख का समान जलकर हुआ खाक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**बूंदी।** शहर के नैनवां रोड रजत गृह गेट नंबर 2 पर स्थित एक ब्रेकर्स एवं प्रोविजन स्टोर पर आग लगने से लाखों का माल जलकर खाक हो गया। सूचना पर पहुंची नगर परिषद की फायर ब्रिगेड ने बडी मशक्कत से आग पर काबू पाया। घटना रात्रि करीब 1:30 बजे की बताई जा रही है। आग पर सुबह 6 बजे तक काबू पाया गया। आग लगने से करीब 30 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। सदर थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जैन ब्रेकर्स एवं पिंकी प्रोविजन स्टोर के प्रोपराइटर रोहित जैन ने बताया कि रात्रि 1:30 बजे करीब अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल पर दुकान पर आग लगने की सूचना मिली। मौके पर जाकर देखा तो शटर से धुआं निकल रहा था। शूटर को ऊंचा करके देखा तो दुकान में आग लगी हुई थी। आग को पानी डालकर बुझाने का प्रयास किया तो वह और भपक गई। कुछ ही देर में सूचना पर सदर थाना पुलिस एवं फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंच गई। बताया जा रहा है कि किसी राहगीर ने ही दुकान पर लिखे मोबाईल नंबर को देखकर दुकान मालिक, पुलिस और फायर ब्रिगेड को घटना की सूचना दी थी। दुकानदार के पहुंचने के 5 मिनट बाद ही फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया। लेकिन फायर ब्रिगेड जैसे आग बुझती फिर वापस भपककर आग और फैल रही थी, इस तरह दो फायर ब्रिगेड के माध्यम से सुबह 6 तक आग पर काबू पाया गया। आग लगे का कारण प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है।

भारत निर्वाचन आयोग
Election Commission of India

चुनाव का पर्व
DESH KA GARV
LOK SABHA ELECTION 2024

# आइए गर्व के साथ मतदान करें

## मनाएं लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्योहार

**19** अप्रैल

**21** राज्य/केंद्र शासित प्रदेश

**102** संसदीय निर्वाचन क्षेत्र

समकालिक विधानसभा चुनाव:
अरुणाचल प्रदेश (60 वि. क्षे.)
और सिक्किम (32 वि. क्षे.)



cbc 52101/13/0001/2425

**QR कोड स्कैन करें और मतदाता शपथ लें**

इस QR कोड को स्कैन करके और **#IVoteForSure** का उपयोग करके अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर करें तथा **विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र** में अपनी शपथ दर्ज कराएँ

मतदाता हेल्पलाइन पर कॉल करें **1950**

**मतदाता सूची में अपना नाम जांचने और** अपने निर्वाचन क्षेत्र में **मतदान की तारीख जानने के लिए** QR कोड को स्कैन करें

#IVoteForSure #MeraVoteDeshKeLiye

fb.com/ECI | @ecisveep | youtube.com/eci | /company/election-commission-of-india-official | @ecisveep | Election Commission of India